दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित
सिर्फ सच...

● नई दिल्ली। बुधवार 05 मार्च-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 75 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

दिल के शिकवे फिर कभी सुना लेना यारा पहले आने तो दो तारीख 12

www.currentcrime.com दैनिक करंट क्राइम प्रस्तुति

अतुल गर्ग (सांसद)- मेरे प्रिय, स्टाइलिश संजय कुशवाह जी। देखो मेरी करनी में कोई कसर नहीं रही। बाकी तुम सब जानते ही हो। वैसे इस सिचुएशन में तुम्हें हम दोनों को लेकर कोई गाना समर्पित करना पड़े, तो क्या सुनाओगे।

सुनील शर्मा (कैबिनेट मंत्री) - मिस्टर गर्ग, डियर कुशवाह मेरे बारे में ज्यादा मत सोचो। मैं दिल में आता हूं, दिमाग में नहीं।

संजय कुशवाह (सुनील शर्मा के लिए गाना) - चाहूंगा मैं तुम्हें सांझ-सवेरे। फिर भी कभी अब नाम को आपके, आवाज मैं ना दूँगा... आवाज मैं ना दूंगा।

संजय कुशवाह (अतुल गर्ग के लिए गाना) - एहसान मेरे दिल पर आपका है अतुल जी। मेरा दिल आपके प्यार का मारा है अतुल जी।

12 मार्च के लिए क्यों रख दी त्यागी जी ने ओबीसी की डिमांड

संजय त्यागी (क्रांतिवीर) : पूर्व अध्यक्ष मानसिंह गोस्वामी जी अगर 12 मार्च को ओबीसी पर ध्यान नहीं दिया तो मैं होली नहीं खेलूंगा। मुझे कम से कम एक ओबीसी चाहिए। ओबीसी नहीं तो होली नहीं।

सत्यपाल प्रधान (जिले वाले अध्यक्ष) : अरे राजू पांचाल जी। ये भगवा कमांडर के प्यारे संजय त्यागी जी को क्या हो गया है। ये त्यागी बिरादरी के होते हुए 'ओबीसी' की डिमांड क्यों रख रहे हैं। क्या ये हम ओबीसी भाइयों से इतना प्यार करते हैं।

राजू पांचाल (वीआईपी भाजपा) : सत्यपाल भाई साहब, संजय त्यागी जी का प्यार केवल अपने भगवा कमांडर के लिए फूटता है। उनकी ओबीसी का मतलब कुछ और है। वो प्रोग्राम में 'वन बाल्टी कलर' (One Balti Color) की जिद पर अड़े हैं। कह रहे हैं कम से कम एक बाल्टी रंग उन्हें होली खोलने के लिए मिलना चाहिए।

बुरा ना मानो, 12 मार्च को करंट क्राइम वालों की होली है

कॉन्सेप्ट : दीपक भाटी
कला पक्ष : नरेश कुमार शर्मा

जारी है.....

दैनिक
करंट क्राइम
सिर्फ सच...
www.currentcrime.com
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। बुधवार 05 मार्च-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 75 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3

बोर्ड बैठक से पहले निगम में आज होगी पार्षदों की हाईवोल्टेज बैठक

पार्षद ग्रुप पर चल गया मैसेज, कोई नहीं रहेगा खामोश और सब को देनी है अपनी राय

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। नगर निगम के सदन में भाजपा पूरी तरह से बहुमत में है। 100 पार्षदों में से 75 पार्षद भाजपा के हैं और निगम की मुखिया यानी मेयर भी भाजपा की हैं। लेकिन लगतार कई बैठकों के स्वरूप को देखकर ये कहा जा सकता है कि निगम के सदन में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्षद कार्यकारिणी की बैठक में मोर्चा खोलते हैं। वो गाइडलाइन से इतर जाकर पर्चा भर देते हैं। कोई पार्षद पर्चा भरकर अदृश्य हो जाता है। एक बार फिर निगम बोर्ड बैठक से पहले पार्षदों ने मोर्चा खोला है। पार्षदों के ग्रुप पर पांच सूत्रीय मांगों को लेकर एक मैसेज चला और ये तय हो गया कि बोर्ड बैठक से पहले नगर निगम के सभागार में पार्षदों की बैठक होगी। बताते हैं कि ये बैठक पांच मांगों को लेकर है और पार्षदों के समूह में ये संदेश दिया गया कि कोई भी पार्षद खामोश नहीं रहेगा। वो अपनी राय देगा। आज 11 बजे ये बैठक निगम सभागार में होगी। सूत्र बताते हैं कि 60 से 70 पार्षद इस बैठक में आने की सहमति दे चुके हैं।

पार्षद चाहते हैं कार के लिए पैट्रोल, एक टूर और एक करोड़ का बीमा

करंट क्राइम। नगर निगम के पार्षद अपनी पांच मांगों को लेकर बैठक कर रहे हैं। वो महापौर को भी इन मांगों में शामिल कर रहे हैं। उनकी पहली मांग है कि महापौर व पार्षदों को एक करोड़ का एक्सीडेंट बीमा होना चाहिए। महापौर व पार्षदों के परिवार का दस लाख रुपए का स्वास्थ्य बीमा होना चाहिए। इतना ही नहीं पार्षद चाहते हैं कि उन्हें हर महीने 50 हजार रुपए मिलें। इस 50 हजार रुपए में वो ऑफिस का किराया, बिजली का बिल, फोन बिल, स्टेशनरी, कार्यालय में एक सहायक कर्मचारी, चाय-कोल्ड्रिंग का खर्चा, कार के लिये पैट्रोल और वार्ड में घूमने के लिये स्कूटर पैट्रोल आदि का भत्ता चाहते हैं। पार्षद इन खर्चों के लिये 50 हजार रुपए हर महीना चाहते हैं और उनकी ये भी मांग है कि हर पार्षद को 50 हजार रुपए महीना मिले और मेयर को इन्हीं खर्चों के लिये 1,20,000 रुपए महीना मिले।

अगर सांसद-विधायक अपनी तनख्वाह के लिए हो सकते हैं एकजुट तो हम क्यों नहीं

करंट क्राइम। पार्षदों के ग्रुप में जो मांग उठी है उसमें ये कहा गया है कि जब देश के लोकप्रिय सांसद-विधायक-मंत्री अपनी तनख्वाह के लिये एकजुट हो सकते हैं तो हम क्यों नहीं हो सकते।

पार्षद चाहते हैं सदन में लगे फोटो और घूमने जाएं टूर पर

करंट क्राइम। अभी गोव टूर की गूंज खत्म नहीं हुई और पार्षदों ने अपने टूर की मांग उठा दी है। पार्षदों ने अपनी पांच सूत्रीय मांगों में एक मांग टूर को लेकर रखी है। उनका कहना है कि महापौर के नेतृत्व में सभी पार्षदों का एक टूर जरूर ले जाना चाहिए। उनकी ये भी मांग है कि मौजूदा मेयर तथा पार्षदों की एक ग्रुप फोटो यादगार के रूप में सदन में लगनी चाहिए।

पार्षद पूछ रहे हैं कि क्या हम जनप्रतिनिधि नहीं हैं

करंट क्राइम। पार्षद एकता का नारा उस निगम में गूंज रहा है जहां पूरी तरह से बहुमत भाजपा का है। प्रदेश में सरकार भाजपा की है और पार्षदों के इस ग्रुप का नेतृत्व भाजपा के दो पार्षद कर रहे हैं। पार्षदों ने आज 11 बजे जो बैठक बुलाई है उसमें उन्होंने पूछा है कि क्या हम जनप्रतिनिधि नहीं हैं। या हम एक नहीं हैं। या हमारी आवाज उठाने वाला कोई नहीं है। अब फैसला आपको करना है। इस मैसेज में ये भी कहा गया है कि जो पार्षद इस विषय पर साथ हैं वो अपनी स्टेंप साथ में जरूर लाए। इस क्रांतिकारी मुहिम के दो किरादार बताए जा रहे हैं जिनमें नदिया पार से पार्षद हिमांशु शर्मा हैं और नदिया के इस पार भाजपा पार्षद शीतल चौधरी का नाम बताया जा रहा है।

पार्षदों ने कहा जाएंगे विधायक-सांसद और मंत्री के आवास पर

करंट क्राइम। निगम पार्षद अब एक करोड़ का बीमा चाहते हैं। चाय-पानी, कार-पैट्रोल, फोन के लिये 50 हजार रुपए महीना चाहते हैं। वो टूर पर घूमना जाना चाहते हैं और सदन में अपनी फोटो चाहते हैं। उनका कहना है कि जिस तरह से लोकसभा और विधानसभा में फोटो लगती है उसी तरह सदन में भी पार्षदों की फोटो मेयर के साथ लगे। वो ये कह रहे हैं कि हम सदन में अपनी बात को रखेंगे और अगर यहां हमारी मांग नहीं मानी गई तो फिर हम सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, एमएलसी के आवास पर जाएंगे। इस मुहिम को पूरे जिले से जोड़ेंगे और अभी निगम के पार्षद जुड़े हैं और फिर हम इसमें नगर पालिका परिषद के सभासद भी अपने साथ जोड़ेंगे।

भारत की फाइनल में एंट्री, रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को हराया

मुंबई। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की दमदार पारी की बदौलत भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। यह भारतीय टीम की मौजूदा टूर्नामेंट में चौथी जीत है। इससे पहले रोहित शर्मा की सेना ने बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को हराया। अब भारतीय टीम का सामना फाइनल में बुधवार को दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम से होगा।

विस्तृत खबर, पृष्ठ 5

किसान नेता दलजिंदर गिरफ्तार, कुलवंत सिंह नजरबंद...

आज पंजाब सरकार के खिलाफ प्रदर्शन करेंगे किसान नेता

चंडीगढ़। चंडीगढ़ में किसानों की तरफ से पांच मार्च को धरना देने के एलान के बाद माहौल गरमा गया है। जहां एक तरफ किसानों ने हर हाल में मोर्चा लगाने की बात कही है वहीं मुख्यमंत्री भगवंत ने बड़ा बयान दिया है। मान ने कहा कि पंजाब बंद नहीं होने देंगे। किसानों को हिरासत में लेंगे। पंजाब का पहले ही बहुत नुकसान हो चुका है। मान ने कहा कि किसान कहते बैठक भी करनी है और हम पक्का मोर्चा भी लगाएंगे, यह बर्दाश्त नहीं है।

मान ने कहा-रोज रेल रोको, सड़क रोको का रवैया ठीक नहीं

मान ने कहा कि रोजाना रेल रोकें, सड़क रोकें का रवैया सही नहीं है। किसानों की सभी मांगें केंद्र से संबंधित हैं। सीएम बोले कि किसानों ने कहा कि अगर हम मोर्चे का ऐलान न करते तो सरकार ने उन्हें मीटिंग का समय नहीं देती, जबकि पहले भी वह किसानों के साथ बैठक करते रहे हैं। किसान यूनियन के नेताओं से ज्यादा खेतों में जाता रहा हूं। किसानी से जुड़ा हूं।

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) और पंजाब सरकार के बीच सोमवार को हुई बेनतीजा बैठक के बाद किसानों ने एलान किया था कि वे पांच मार्च को चंडीगढ़ में धरना देंगे। इसके बाद मंगलवार सुबह पंजाब में कई किसान नेताओं के घरों में पुलिस ने दबिश दी। पुलिस ने मालवा के कई इलाकों में किसान नेताओं की गिरफ़्तारी के लिए दबिश लेकिन नाकाम रही। सूत्रों के अनुसार, किसानों को पुलिस

क्या मुरादनगर विधानसभा की तरफ घूम गया है अध्यक्ष वाला गेम

क्यों है ये चर्चा कि इधर से ही आ रहा है 'जी' फैक्टर वाले नेम का क्लेम

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। अध्यक्ष पद को लेकर लगातार कई राउंड चल चुके हैं। लेकिन अध्यक्ष का नाम अभी घोषित नहीं हुआ है। सूत्र बताते हैं कि नाम आज घोषित हो सकता है और कल भी इसके प्रबल चांस हैं और अगर ये घोषणा अब नहीं हुई तो सीन होली के बाद का हो जाएगा। भगवा गढ़ के महानगर अध्यक्ष की घोषणा को लेकर सूत्र बताते हैं कि नाटकीय मोड आया है। महानगर अध्यक्ष वाले गेम में जिस

'जी' को कमजोर पत्ता माना जा रहा था वो 'जी' तुरुप का इक्का बनने जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि 'जी' वाले फैक्टर के तीन 'जी' मुरादनगर विधानसभा में आते हैं। इन तीनों 'जी' में से एक 'जी' की प्रबल संभावना है। सूत्र बताते हैं कि तीनों 'जी' में एक 'जी' की ग्रेविटी दो दिन पहले ही मजबूत हुई है। ये नाम अचानक से सुर्खियों में आया है और नाम पर मुहर लगाने वाले चार प्रमुख स्तंभ भी इसकी चर्चा कर रहे हैं। वो बता रहे हैं कि ये वाला 'जी' गेम में वापस लौटा है। अब चर्चा है तो यहां देखना होगा कि पार्टी किसका 'जी' रखती है।

सूत्र बताते हैं कि जिन 'जी' के नाम को लेकर चर्चा चल रही है ये 'जी' एक विधायक के 'जी' में बिल्कुल भी स्थान नहीं रखते हैं। वहीं माना ये भी जा रहा है कि इन वाले 'जी' के बनने के बाद एक जनप्रतिनिधि वाले 'जी' भी हैं और उनके 'जी' को भी संतुष्टी मिलेगी। कहने वाले यही कह रहे हैं कि ये भाजपा है और यहां नेम क्लेम कुछ भी हो, लेकिन गेम कभी भी घूम सकता है। नदिया पार के 'जी' भी इस गेम में वापसी कर सकते हैं।

बीते सप्ताह सड़क हादसों की आई बाढ़ और हुए कई खुलासे



गाजियाबाद, करंट क्राइम : फरवरी का अंतिम सप्ताह और मार्च के शुरूआती दिन सड़क हादसों के नाम रहे हैं। बीते लगभग 7 दिनों के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 6 लोगों ने जान गंवाई है। तो 14 से अधिक लोग अलग-अलग दुर्घटनाओं में घायल हुए हैं। वहीं मोदीनगर में कार से डीजे के विवाद में दुर्घटना हुई। इसमें भी कई लोग जख्मी हुए थे ,तो वहीं भोजपुर थाने के दो दरोगाओं पर बीते सप्ताह कोर्ट के आदेश पर गंभीर धारों में मुकदमा लिखा गया है।

वहीं शेयर ट्रेडिंग के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले साइबर अपराधियों पर पुलिस लगाम लगाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है, पर साइबर अपराधी पुलिस से तेज रफ्तार पकड़े हुए हैं। वहीं कवि नगर पुलिस ने एक गैंगरेप का झूठा मुकदमा लिखवाने वाली महिला को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि महिला एक व्यक्ति के साथ लिविंइन में रहती थीं और उसने फ्लैट पर कब्जा करने की नीयत से उसने गलत मुकदमा लिखवाया था। जिसका पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए उसे गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही क्राइम ब्रांच की टीम ने हत्या के मामले में फरार एक लाख के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। वह पेशी के दौरान फरार हुआ था।

पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा है, इसके साथ ही शालीमार गार्डन पुलिस ने इसी सप्ताह सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए इंदिरापुरम और कौशांबी पुलिस ने भी इसी प्रकार के रैकेट का खुलासा करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेजा है।

कुल मिलाकर के बीता सप्ताह पुलिस के लिए हार्डकोर क्राइम वाला तो नहीं रहा लेकिन सड़क हादसों और कई अन्य खुलासों ने थोड़ी सी टेंशन बढ़ाई है।

सड़क हादसों में कई लोगों ने गंवाई जान और कई हुए घायल

सड़क हादसों में पांच लोगों की गई जान, तो आधा दर्जन से ज्यादा हुए थे घायल

करंट क्राइम : बीते सप्ताह सड़क हादसों में एक के बाद एक कई लोगों ने अपनी जान गंवाई। तो शिवरात्रि पर हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे तीन लोगों की भोजपुर थानाक्षेत्र में हवा हवाई रेस्टोरेंट वाले मार्ग पर सड़क हादसे में मौत हो गई थी। हादसे में एक तेज रफ्तार गाड़ी में कई लोगों को एक के बाद एक टक्कर मारी थी, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। वहीं इसी दिन दोपहर के वक्त मसूरी थानाक्षेत्र में एक इलेक्ट्रिक बस स्पीड में बेकाबू हो गई और उसने मां-बेटी को कुचल दिया था। जिनकी मौके पर मौत हुई थी और पांच लोग घायल हुए थे। कुल मिलाकर बीते 7 दिनों के अंदर 6 लोगों की सड़क हादसे में मौत हुई है। तो वही 14 से अधिक लोग अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में घायल हुए हैं।

भोजपुर के दो दरोगाओं पर दर्ज हुआ मुकदमा

करंट क्राइम : न्यायालय के आदेश पर देहात जोन के अंतर्गत आने वाले भोजपुर थाने के दो दरोगा जिसका नाम योगेंद्र सिंह पंवार और पूरन सिंह था दोनों पर किसी मामले की विवेचना में पीड़ित को परेशान करने, उनसे अनैतिक धन अर्जन सहित गंभीर आरोपों का मुकदमा दर्ज किया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद दोनों के मामले की उच्च स्तरीय जांच शुरू हो गई है। बताया जा रहा है कि यह पूर्व का मामला था, जिसकी विवेचना के नाम पर खेल हुआ था।

कवि नगर पुलिस ने झूठे गैंगरेप का किया खुलासा, महिला को भेजा जेल

करंट क्राइम : कवि नगर थाना पुलिस ने अवंतिका में रहने वाली एक महिला को गैंगरेप का झूठा मुकदमा दर्ज कराने के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इस मामले की जब जांच की तो महिला द्वारा लगाए गए आरोप झूठे निकले और फ्लैट कब्जाने की नीयत से उसने गैंगरेप का फर्जी मुकदमा कराया था। इस मामले में जब पुलिस ने आरोपियों की लोकेशन और उनके अन्य इलेक्ट्रिक एविडेंस इकट्ठे किए तो महिला के आरोप निराधार पाए गए, जिसके बाद पुलिस ने आरोप लगाने वाली महिला को ही जेल भेज दिया था।

गाजियाबाद के तीनों जोन में साइबर ठगों का लगातार जारी है आतंक

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले तीनों जोन में साइबर ठग लगातार प्रतिदिन लोगों को अपना निशाना बना रहे हैं। वह बुजुर्गों से लेकर पढ़े लिखे लोगों को ठग रहे हैं। बीते दिनों साइबर ठगों ने ऑनलाइन शेयर ट्रेडिंग कंपनी खोलने के नाम पर एक व्यक्ति से लगभग डेढ़ करोड़ रुपए की ठगी की थी। इसके साथ ही कई अन्य लोगों को भी लाखों रुपए का चूना लगाया था। इस मामले में साइबर थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है।

खुलासे में पकड़ा गया एक लाख का इनामी नौशाद

करंट क्राइम : क्राइम पर काम करने वाली पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद की स्वाट टीम लगातार आरोपियों को जेल पहुंचाने का काम कर रही है। इसी कड़ी में कई साल से फरार एक आरोपी जिस पर एक लाख का इनाम था। नौशाद को क्राइम ब्रांच स्वाट की टीम ने गिरफ्तार किया है। आरोप है कि नौशाद हत्या के मामले में जेल में बंद था और पेशी के दौरान भाग गया था। तब से फरार चल रहा था, तो उसपर एक लाख रुपये का इनाम था, जिसे पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

सेक्स रैकेट चलाने वालों पर ट्रांस हिंडन पुलिस की जारी है कार्रवाई

करंट क्राइम : ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत अलग-अलग सार्वजनिक स्थानों पर सेक्स रैकेट चलाने वाले गिरोह पर पुलिस कार्रवाई कर रही है। बीते दिनों जहां वैशाली इलाके में कौशांबी पुलिस द्वारा दो कार्रवाई की गई हैं। तो वही शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने भी बीते दिनों एक महिला सहित कई लोगों को देह व्यापार में संलिप्त के आधार पर गिरफ्तार किया था। बता दें की लगातार डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल के निर्देश पर एसीपी स्तर के अधिकारी इस मामले को लेकर कार्रवाई कर रहे हैं।

महाराष्ट्र की सरकार में मंत्री धनंजय मुंडे ने इस्तीफा दिया

सरपंच संतोष देशमुख मर्डर में करीबी पर लगे थे आरोप

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री और अजित पवार की नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी नेता धनंजय मुंडे ने पद से इस्तीफा दे दिया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इसकी जानकारी दी।

धनंजय मुंडे के ढअ प्रशांत जोशी ने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के सरकारी आवास पहुंचकर उन्हें मुंडे का इस्तीफा सौंपा था। फडणवीस ने कहा कि मुंडे ने मुझे अपना इस्तीफा भेजा है। मैंने इसे स्वीकार कर लिया है और इसे राज्यपाल को भेज दिया है।

दरअसल सरपंच संतोष देशमुख हत्याकांड में महाराष्ट्र की महायुति सरकार में मंत्री रहे धनंजय मुंडे विवादों में घिर गए थे। एसआईटी ने अपनी चार्जशीट में मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मीक कराड को बीड जिले में जबरन वसूली का विरोध करने वाले सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मास्टरमाइंड

के रूप में नामजद किया था।

इससे पहले देवेंद्र फडणवीस ने अजित पवार और प्रफुल्ल पटेल को पत्र लिखकर कहा था कि धनजंय मुंडे को मंत्री पद से इस्तीफा देना होगा। धनजंय मुंडे के करीबी सहयोगी वाल्मीक कराड और उसके 6 गुर्गों को इस साल जनवरी में महाराष्ट्र पुलिस ने मकोका (महाराष्ट्र कंट्रोल ऑफ ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एक्ट, 1999) के तहत गिरफ्तार किया था।

वाल्मीक कराड सरपंच हत्याकांड का मास्टरमाइंड : एसआईटी द्वारा अदालत में दाखिल चार्जशीट के मुताबिक, वाल्मीक कराड बीड सरपंच संतोष देशमुख की हत्या का मास्टरमाइंड था। कराड ने बीड में मौजूद एक रिन्यूएबल एनर्जी कंपनी अर्५ं के भूमि अधिग्रहण अधिकारी से दो करोड़ की फिरौती मांगी थी। जब बीड के सरपंच संतोष देशमुख ने कराड और उसके सहयोगियों को कंपनी से जबरन वसूली करने से रोकने की कोशिश की, तो उन्होंने उनकी हत्या की साजिश रची। एसआईटी ने अदालत के समक्ष सबूत के तौर पर आरोपियों से बरामद फोन कॉल की रिकॉर्डिंग और फॉरेंसिक लैब द्वारा प्रमाणित सीसीटीवी फुटेज पेश किए थे।

चार्जशीट में वाल्मीक कराड के बाद सुदर्शन घुले को आरोपी नंबर दो बताया है। वह दस साल से अधिक समय तक बीड और पड़ोसी इलाकों में संगठित अपराध का हिस्सा था। उसके खिलाफ पहले से ही 11 आपराधिक मामले चल रहे हैं। आरोप पत्र में उसे 'गैंग लीडर' बताया गया है।

इलाहाबाद हाई कोर्ट ने संभल मस्जिद को लिखवाया विवादित ढांचा, 10 मार्च को होगी अगली सुनवाई

लखनऊ। इलाहाबाद हाई कोर्ट में मंगलवार को संभल स्थित शाही जामा मस्जिद की सफेदी और सफाई को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान कोर्ट ने अपने आदेश में मस्जिद को ह्यविवादित ढांचाह्न लिखा। यह शब्द हिंदू पक्ष के वकील हरि शंकर जैन की मांग पर जोड़ा गया। जस्टिस रोहित रंजन अग्रवाल ने कोर्ट स्टेनो को आदेश में ह्यविवादित ढांचाह्न लिखने का निर्देश दिया। यूपी सरकार की ओर से पेश वकील ने कोर्ट को आश्वस्त किया कि राज्य में कानून-व्यवस्था बनी हुई है और प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इस मामले में अगली सुनवाई 10 मार्च को होगी जिसमें मस्जिद कमेटी की अर्जी पर बहस होगी।

एएसआई रिपोर्ट को खारिज हो- मस्जिद कमेटी

सुनवाई के दौरान मस्जिद कमेटी ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रिपोर्ट पर आपत्ति दर्ज कराई और इसे खारिज करने की मांग की। मस्जिद कमेटी का कहना है कि एएसआई को केवल संरक्षक (गार्जियन) के रूप में काम करना चाहिए.. मालिक की तरह नहीं। इसके अलावा मस्जिद कमेटी ने रमजान के मद्देनजर मस्जिद की सफेदी और सफाई की अनुमति मांगी।

एएसआई के वकील ने कहा कि मस्जिद में सफेदी की कोई आवश्यकता नहीं है लेकिन सफाई कराई जा सकती है। पिछली सुनवाई में एएसआई ने कोर्ट को बताया था कि मस्जिद परिसर की सफाई कराई जा सकती है लेकिन सफेदी की जरूरत नहीं दिखती।

कैसे बढ़ा शाही जामा मस्जिद पर विवाद?

संभल की शाही जामा मस्जिद को लेकर विवाद तब बढ़ा जब कुछ पक्षों ने दावा किया कि इसका निर्माण एक ऐतिहासिक हरिहर मंदिर के ऊपर किया गया था। 24 नवंबर, 2024 को अदालत ने मस्जिद के सर्वे का आदेश दिया जिसके बाद इलाके में तनाव बढ़ गया। इस दौरान हुई हिंसक झड़पों में चार लोगों की मौत हो गई। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए प्रशासन को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। कोर्ट ने पहले एएसआई को मस्जिद परिसर की सफाई करने का आदेश दिया था लेकिन रमजान से पहले सफेदी करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इसके साथ ही तीन सदस्यीय एएसआई टीम को मस्जिद का निरीक्षण कर उसकी स्थिति पर विस्तृत रिपोर्ट देने का निर्देश दिया गया था।

10 मार्च को होगी अगली सुनवाई

अब इस मामले में 10 मार्च को इलाहाबाद हाई कोर्ट में अगली सुनवाई होगी जहां मस्जिद कमेटी की अर्जी पर विचार किया जाएगा। अदालत यह तय करेगी कि सफेदी की अनुमति दी जाए या नहीं और एएसआई की रिपोर्ट को मान्यता दी जाए या उसे खारिज किया जाए।

भोपाल के सभी प्रमुख मार्गों पर महापुरुषों के नाम से बनेंगे द्वार- सीएम मोहन यादव

भोपाल। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की राजधानी भोपाल की तस्वीर बदलने की ठानी है। उन्होंने ऐलान किया है कि शहर के प्रमुख मार्गों पर महापुरुषों के नाम से द्वार बनेंगे। सीएम मोहन यादव का इरादा वास्तव में इतिहास को जीवंत करना है ताकि नई पीढ़ी इससे प्रेरणा हासिल कर सके। मुख्यमंत्री डॉ यादव सम्राट विक्रमादित्य-राजा भोज के नाम पर द्वार बनाना चाहते हैं ताकि भविष्य में भी इतिहास की यादें सुरक्षित रह सकें। जाहिर है मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के इस आदेश से आने वाले दिनों में प्रदेश की राजधानी बदली-बदली सी नजर आएगी। इसकी प्रमुख सड़कों से गुजरते हुए हर किसी को प्रदेश के महापुरुषों और वीर शासकों से जुड़ी यादें ताजा हो जाएंगी। मध्यप्रदेश सरकार जल्द ही भोपाल की प्रमुख सड़कों पर महापुरुषों के नाम से द्वार बनवाने जा रही है। उनका उद्देश्य प्रदेश के गौरवशाली इतिहास की यादों को जीवंत बनाना है।

मध्यप्रदेश की पहचान वीर शासकों से : मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भोपाल और मध्यप्रदेश की पहचान हमारे अपने यहां के वीर शासकों से रही है। सम्राट विक्रमादित्य ने 2100 साल पहले चक्रवर्ती राजा की तरह शासन किया। उनका सुशासन-न्याय-वीरता-ज्ञान-दानशीलता-धैर्य-पराक्रम-पुरुशार्थ जैसे कई गुणों से उनकी पहचान रही है।

गौरवशाली अतीत से प्रेरणा जरूरी : मुख्यमंत्री ने कहा कि उनके एक हजार साल बाद राजा भोज भी अद्वितीय शासक रहे हैं। उनसे भोपाल की विशेष पहचान है। उन्होंने बड़ा तालाब जैसी कई रचनाएं की। उनकी ये रचनाएं आज भी इतिहास को जीवंत करती हैं। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि हमारी राजधानी भोपाल का गौरवशाली अतीत है। उस अतीत को सामने लाने की जरूरत है। इसलिए राजधानी के प्रमुख मार्गों पर वीर शासकों के नाम से द्वार बनाए जाएंगे। यह फैसला हमें उस दौर में ले जाएगा, जिससे हमारा मध्यप्रदेश और देश गौरवांवित हुआ है।

दिलीप जायसवाल बने बिहार बीजेपी के नए बॉस, 3 साल होगा कार्यकाल

पटना। डॉ. दिलीप जायसवाल बिहार बीजेपी के नए बॉस बन चुके हैं। मंगलवार को पटना में दिलीप जायसवाल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विधिवत रूप से निर्वाचित हुए। बापू सभागार में आयोजित बीजेपी प्रदेश परिषद की बैठक में केंद्रीय चुनाव पर्यवेक्षक और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इसकी औपचारिक घोषणा की। इनका कार्यकाल तीन साल का होगा। बैठक में बिहार भाजपा के तमाम वरीय नेता मौजूद रहे।

दिलीप जायसवाल की ताजपोशी के वक्त बीजेपी के कई दिग्गज वहां मौजूद रहे। दिलीप जायसवाल को बिहार बीजेपी का नया बॉस बनाए जाने के बाद अब यह स्पष्ट हो चुका है कि बीजेपी ने बिहार में इस साल होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कमर कस ली है। दिलीप जायसवाल को बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष चुने जाने के बाद कार्यकताओं ने स्वागत किया।

दिलीप जायसवाल ने कहा कि मुझे अध्यक्ष पद का दायित्व दिया गया है और मैं अपनी जिम्मेदारी पूरा करूंगा। दिलीप जायसवाल ने कहा कि 2047 तक हम विकसित भारत के सपने को पूरा करेंगे। दिलीप जायसवाल की ताजपोशी में पूरे बिहार से कार्यकताओं को बुलाया गया था। दिलीप जायसवाल की गिनती सीमांचल के बड़े नेताओं में होती है।

दिलीप जायसवाल पिछले साल जुलाई के महीने में बिहार बीजेपी के कार्यकारी अध्यक्ष बने थे।

दिल्ली के ज्योति नगर में 2 गुटों के बीच अंधाधुंध फायरिंग, 5 लोग घायल

नई दिल्ली: देश की राजधानी दिल्ली एक बार फिर खुलेआम फायरिंग की आवाज से गूंजी है। दिल्ली के ज्योति नगर में आपसी रंजिश में 2 गुटों में ताबड़तोड़ फायरिंग हुई है, जिसमें 5 लोग घायल हुए हैं। पुलिस इस मामले की तफ्तीश कर रही है।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, 3 मार्च को लगभग 9 बजे पुलिस थाना ज्योति नगर में फायरिंग की घटना की सूचना मिली, जिसमें फोन करने वाले ने बताया कि उसके बेटे को अज्ञात व्यक्तियों ने गोली मार दी है। जब पुलिस टीम मीत नगर के एसओसी यानी शक्ति ग्रेडन, गली नंबर 1 पर पहुंची तो पुलिस टीम ने देखा कि 2 गुटों के बीच फायरिंग हुई थी जिसमें 5 व्यक्ति घायल हो गए थे।

घायलों को हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया : सभी घायलों को जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अपराध टीम और एफएसएल टीम को निरीक्षण के लिए अपराध स्थल पर बुलाया गया। टीमों द्वारा कुछ खाली कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया गया। जिसके बाद पुलिस थाना ज्योति नगर में मामला दर्ज किया गया है और जांच की जा रही है।

फायरिंग में शामिल व्यक्ति की पहचान, पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के लिए तकनीकी और मैनुअल इनपुट एकत्र करने के लिए टीमों का गठन किया गया है।

बदमाशों में पुलिस का कोई खौफ नहीं! पहले भी दी है चुनौती : हालही में देश की राजधानी दिल्ली में बदमाशों से जुड़ा एक चौंकाने वाला मामला सामने आया था। यहां पुलिस के एक कांस्टेबल से बंदूक के दम पर बदमाशों ने बाइक लूट ली थी। हालांकि बाइक लूटने वाले दो बदमाश उत्तरी दिल्ली के वजीराबाद में पुलिस मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हो गए थे। दिल्ली पुलिस के अनुसार, यह घटना 26 फरवरी को उस समय हुई थी, जब कांस्टेबल दिनेश और संदीप आउटर रिंग रोड पर मोटरसाइकिल पर गश्त कर रहे थे।

किसान आंदोलन पर भड़के सीएम भगवंत मान

कभी रेल रोको तो कभी सड़क रोको, पंजाब धरनों का राज्य बनता जा रहा है

चंडीगढ़। पंजाब में जहां एक ओर किसान अपनी मांगों को लेकर अड़िग हैं। वहीं, दूसरी ओर किसान नेताओं के व्यवहार से मुख्यमंत्री भगवंत मान भी काफी कड़े नजर आ रहे हैं। बीते सोमवार को संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) राजनीतिक की चंडीगढ़ में मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ दो घंटे चली बैठक बेनतीजा रही। इस बैठक के दौरान सीएम भगवंत मान बीच में ही चले गए थे।

इस बाबत प्रदर्शनकारी किसानों द्वारा यह दावा किए गया था कि पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान बैठक के दौरान गुस्सा हो गए थे। अब इस पर भगवंत मान ने मंगलवार को कहा कि उन्होंने बैठक इसलिए रद कर दी क्योंकि किसान बातचीत के बीच अपना विरोध जारी रखना चाहते थे।

सीएम मान ने जताई चिंता : मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राज्य में किसानों द्वारा लगातार किए जा रहे विरोध प्रदर्शनों और नाकेबंदी पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि 'रेल रोको' और 'सड़क रोको' जैसे इन विरोध प्रदर्शनों से राज्य को काफी आर्थिक नुकसान हो रहा है।

मुख्यमंत्री मान ने आगे चेतावनी दी कि वह कार्रवाई करने से नहीं डरते हैं, लेकिन 3.5 करोड़ लोगों के संरक्षक के रूप में उन्हें सभी के हितों पर विचार करना होगा।

मान ने संवाददाताओं से कहा कि मैंने किसानों से कहा कि आप हर दिन 'रेल रोको', 'सड़क रोको' प्रदर्शन करते हैं.. इससे पंजाब को भारी नुकसान हो रहा है। राज्य को आर्थिक नुकसान हो रहा है। पंजाब 'धरना' का राज्य बनता जा रहा है। मेरी नरमदिली को यह मत समझिए कि मैं कार्रवाई नहीं करता...मैं 3.5 करोड़ लोगों का संरक्षक हूं।

डर के कारण नहीं बुलाई थी बैठक: सीएम मान – मुख्यमंत्री मान ने कहा कि मुझे सभी का ख्याल रखना है... बैठक में मैंने उनसे अगले दिन (5 मार्च को) विरोध के बारे में पूछा, तो उन्होंने कहा कि यह जारी रहेगा। तो, मैंने उनसे कहा कि आपने मुझे एक घंटे तक क्यों बैठाए रखा?...मैं वास्तव में उठकर चला गया...मैंने उनसे कहा कि मैंने डर के कारण बैठक नहीं बुलाई, मैं उनसे पहले भी मिल चुका हूं, मैं आपका दोस्त हूं...लेकिन अगर आप मुझसे कहते हैं कि बैठक के साथ-साथ मोर्चा भी जारी रहेगा, तो मैं बैठक रद्द कर देता हूं और आप मोर्चा जारी रख सकते हैं।

औरंगजेब को लेकर दिए बयान के मामले में सपा नेता अबू आजमी ने मांगी माफी

मुंबई। औरंगजेब और उसकी शासन व्यवस्था की तारीफ करने के मामले में घिरे सपा नेता अबू आजमी ने माफी मांग ली है। उन्होंने कहा था कि औरंगजेब के शासन में भारत सोने की चिड़िया कहलाता था। दुनिया की जीडीपी में भारत की हिस्सेदारी 24 फीसदी हुआ करती थी। इस पर महाराष्ट्र में बवाल मच गया था। सत्ताधारी गठबंधन में शामिल दलों भाजपा और एकनाथ शिंदे की शिवसेना के विधायकों ने सदन में भी खूब हंगामा किया था। अब इस पर अबू आजमी ने माफी मांगी है और

सफाई देते हुए कहा कि मैंने गलत इरादे के साथ कोई बात नहीं कही थी। उन्होंने एक मीडियाकर्मी के सवाल पर मैंने टिप्पणी की थी। मेरे शब्दों को गलत ढंग से पेश किया गया और बवाल खड़ा किया।

अबू आजमी ने सफाई देते हुए कहा, ह्यकल टीवी वाले ने मुझसे कहा कि असम के एक नेता ने राहुल गांधी को औरंगजेब की तरह पेश किया है। इस पर मैंने अवध ओझा, राम पुनियानी, राजीव दीक्षित जैसे लोगों की बात को आधार बनाते हुए औरंगजेब को लेकर बात कही। लेकिन मैंने किसी का भी अपमान नहीं किया। छत्रपति शिवाजी, संभाजी महाराज, शाहू जी महाराज, ज्योतिबा फुले समेत सभी का हम सम्मान करते हैं और करना चाहिए। मैंने कभी किसी भी महापुरुष के बारे में गलत बात नहीं की है। फिर भी किसी को लगता है कि मैंने गलत बोला है तो मैं अपनी बात को वापस लेता हूं। असेंबली चलनी चाहिए। ऐसे मामलों पर असेंबली को रोकना महाराष्ट्र की जनता के हितों के साथ अन्याय होगा।

समाजवादी पार्टी के लीडर ने कहा कि अवध ओझा, मीना भार्गव जैसे कई लोगों ने औरंगजेब के दौर की तारीफ की थी।

इसी को आधार बनाते हुए मैंने टिप्पणी की थी।

बवाना में दो युवकों ने की खुदकुशी

नई दिल्ली। दिल्ली के बाहरी उत्तरी जिला के बवाना इलाके में दो दोस्तों ने फांसी लगाकर जान दे दी। दोनों जिगरी दोस्त थे। दोनों एक ही कमरे में फंदे से लटक गए। जांच में पता चला कि दोनों ने शराब पीने के बाद घटना को अंजाम दिया है। इनके पास से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। शुरूआती जांच में पता चला है कि एक युवक के घर पारिवारिक कलह चल रही थी, जिससे वह परेशान था। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। मृत युवकों की शिनाख्त रोहित वर्मा (27) और राहुल (18) के रूप में हुई है।

भाजपा नेता ने फांसी लगाकर दी जान, पंखे से लटका मिला शव

नई दिल्ली। उत्तर पूर्वी जिले के भाजपा उपाध्यक्ष व पूर्व जोन चेयरमैन ठाकुर अवधेश कुमार ने यमुना विहार स्थित पार्टी के जिला कार्यालय में फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। बताया जा रहा है कि घटना के वक्त कोई कार्यालय में नहीं था। भजनपुरा थाना पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जीटीबी अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

जानकारी के अनुसार, अवधेश कुमार अपने परिवार के साथ तुकमीरपुर में रहते थे। परिवार में पत्नी सुधा, बेटा संजय, बेटी है। परिवार ने बताया कि अवधेश कुमार सुबह करीब सात बजे बिना कुछ बताए घर से चले गए थे। आशंका है वह सीधे जिला कार्यालय पहुंचे। दिन में 11 बजे भजनपुरा थाना को भाजपा के उत्तर पूर्वी जिला कार्यालय के नेताओं ने सूचना दी कि अवधेश कुमार ने अंदर से कार्यालय का गेट बंद किया हुआ है। वह खोल नहीं रहे हैं।

पुलिस ने किसी तरह से गेट को खोला। अंदर गए तो देखा कि अवधेश कुमार ने आइटी विभाग के कमरे में पंखे के सहारे फंदा लगाया था। जिले के भाजपा नेताओं का कहना है कि अवधेश कुमार पिछले कई माह से अवसाद में चल रहे थे। पुलिस का कहना है कि शव के पास से एक सुसाइड नोट बरामद हुआ है, जिसमें कर्ज न उतार पाने की वजह से खुदकुशी करने की बात लिखी है।

पेट्रोल पंप पर 'बूढ़ी' गाड़ियों का शिकार करेंगे एआई कैमरे

वाहन पुराना लाने पर बज उठेगा स्पीकर

नई दिल्ली। एक अप्रैल से 10 और 15 साल की उम्र सीमा पूरी कर चुके वाहनों को डीजल-पेट्रोल न देने को लेकर पेट्रोल पंपों पर तैयारियां अंतिम चरण में है। इसके लिए पेट्रोल पंप पर हाईटेक तकनीक वाले उपकरण लगाए जा रहे हैं। एआई कैमरों से वाहनों के पुराने होने की पहचान की जाएगी। वाहन के पुराना होने पर लाउडस्पीकर से स्वचालित घोषणा होगी और वाहन मालिकों को पेट्रोल-डीजल नहीं दिया जाएगा।

दिल्ली पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष निश्चल सिंघानिया ने कहा कि प्रदूषण की रोकथाम में दिल्ली के पेट्रोल पंप मालिक भी सरकार के साथ हैं। 80 फीसदी पेट्रोल पंप पर उपकरण लग चुके हैं।

कुछ दिनों में बाकी पेट्रोल पंप पर भी काम पूरा हो जाएगा। जिस तरह से पहले वाहन का प्रदूषण प्रमाण पत्र न होने पर एआई कैमरों से वाहन की नंबर प्लेट की तस्वीर लेकर उसकी पहचान की जाती थी। उसी तरह से पुराने वाहन की पहचान होगी। ये एआई कैमरे वाहन पोर्टल से जुड़े होंगे। जो वाहन के प्रदूषण प्रमाण पत्र, वाहन के पुराना होने या नहीं और बीमा के संबंध में जानकारी देंगे।

उन्होंने बताया कि वाहन के पुराना होने की घोषणा के लिए पेट्रोल पंप पर स्पीकर भी लगाए गए हैं जो स्वचालित घोषणा करेंगे। इसके लिए पहले एआई कैमरे से वाहन के पुराना होने का एलर्ट मिलेगा जो पेट्रोल पंप लगे डैशबोर्ड पर फ्लैश होगा फिर स्पीकर से वाहन पुराना होने की घोषणा होने लगेगी। दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में 400 पेट्रोल पंप यह व्यवस्था की जा रही हैं।

बता दें कि पिछले वर्ष तक 59 लाख वाहनों का पंजीकरण रद्द हो चुका है। इसमें कितने वाहन सड़कों पर दौड़ रहे है उसको लेकर कोई सटीक आंकड़ा नहीं है। मगर, कुछ वाहनों को स्क्रैप और कुछ ने अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर अपने वाहनों को दूसरे राज्यों में पंजीकृत करा लिया है।

वर्तमान में दिल्ली में 84 लाख से ज्यादा सक्रिय पंजीकृत वाहन है। परिवहन विभाग से मिले आंकड़ों के अनुसार दिल्ली में 22 जनवरी 2025 तक कुल 8413815 सक्रिय वाहन पंजीकृत है। इसमें डीजल वाहनों की संख्या 210095, पेट्रोल वाहनों की संख्या 6814996, सीएनजी वाले वाहनों की संख्या 268804 है।

YASHODA
HOSPITAL & RESEARCH CENTRE
Nehru Nagar, Ghaziabad, Uttar Pradesh - 201001
NOTICE FOR DISPOSAL OF MEDICAL RECORDS OLDER THAN 31.12.2019.
Notice is hereby given that Yashoda Hospital & Research Centre Nehru Nagar, Ghaziabad proposes to dispose of all the Medical records of all patients who have not visited the hospital on or after 31.12.2019. A copy of concerned patients Medical Records will be furnished to any patient / next to kin / legal representative on written request addressed to Medical Superintendent, Yashoda Hospital & Research Centre Nehru Nagar, Ghaziabad within 30 days of publication of this notice. Hospital will not accept any request thereafter as all records up to 31st Dec, 2019 would have been destroyed.
Medical Record Department, Yashoda Hospital & Research Centre, Nehru Nagar, Gzb, U.P

सार्वजनिक सूचना
एतद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री जे डी जैन ने स्वयं को श्री दिगम्बर जैन पंचायती मन्दिर समिति, श्री दिगम्बर जैन पंचायती मन्दिर परिसर, लाल कुँआ, मान सरोवर पार्क, तहसील व जिला गाजियाबाद का अध्यक्ष बताते हुए सोसाइटी रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 के अन्तर्गत पंजीकरण हेतु निर्धारित शुल्क व आलेख प्रस्तुत किये हैं। आलेखों के अनुसार सर्वश्री विवेक जैन उपाध्यक्ष, तनुज जैन सचिव, श्रीमती गीता जैन उपसचिव, प्रमोद जैन कोषाध्यक्ष, श्रीमती बीरमती, गौरव जैन एवं अजय जैन सदस्य के रूप में दर्शाये गये हैं।
यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत समिति के पंजीकरण के विरूद्ध आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने की तिथि से 15 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण दोष के आधार पर समिति के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।
आज्ञा से,
डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स,
सोसाइटीज एवं चिट्स, गाजियाबाद

दैनिक
करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। बुधवार 05 मार्च -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

गाजियाबाद में क्यों उठ रहा है गोवा वाले टूर को लेकर इतना तूल

विपक्ष तो है खामोश मगर फूल वालों के दिल में उठ रहे हैं शूल

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद से गोवा के लिये विमान ने उड़ान भरी। ये पांच साल पहले बने एयरपोर्ट की पहली उपलब्धि थी और लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने इसे एक तरह से पूरी भाजपा के साथ सैलिब्रेट किया। गोवा टूर के लिये एक संदेश देते हुए इस फ्लाइट में लोकसभा सांसद अतुल गर्ग, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी, शहर विधायक संजीव शर्मा सवार हुए।

इसी फ्लाइट में कार्यकर्ता टोली में मंडल अध्यक्ष महिम गुप्ता, व्यापार प्रकोष्ठ के अनुज मित्तल, महामंत्री पप्पू पहलवान सवार हुए। एक संदेश देने के लिये समरकूल चेयरमै उद्योगपति संजीव गुप्ता इसी फ्लाइट में गए। पहली फ्लाइट से ही एक संदेश देना था कि ये उड़ान कामयाब रही है। से शुरूआत सफल रहेगी इसलिए यात्रियों की संख्या भी ठीक रहे। संदेश सकारात्मक था, लेकिन इस टूर को लेकर कुछ प्रतिक्रियाएं सही नहीं रहीं। कमी तलाशने वाले कमी तलाश रहे थे। टूर पर सभी आनंद और उत्साह के साथ थे। सोशल मीडिया का जमाना है सभी अपनी-अपनी वीडियो बना रहे थे, लाइव चला रहे थे। सबसे बड़ी बात ये थी कि गोवा वाले इस टूर के प्रायोजक और आयोजक दोनों ही सांसद अतुल गर्ग नहीं थे। टूर पर जो ग्रुप गया उसमें पिलखुवा से भी भाजपाई गए और गाजियाबाद से भी भाजपाई गए। सभी उत्साह के साथ एयरपोर्ट पहुंचे और गाजियाबाद से लेकर गोवा तक पल-पल की अपडेट अपने वीडियो से दी, फोटो से दी। लंच किया तो बताया, योगा किया तो बताया, समुंद्र में नहाये तो फोटो आए और स्वीमिंग पूल मे तैरे तो फोटो आए, लेकिन बताया जाता है कि ये फोटो आते रहे और यहां वालों के दिलों को सताते रहे।

टूर से दूर रहे भाजपाईयों ने कहा कि ऐसे फोटो नहीं आने चाहिए थे। यहां तक की पूर्व विधायक रूप चौधरी ने तो गोवा वाले टूर पर लगातार पोस्ट डाली और गोवा वाले टूर में गाजियाबाद वाले भाजपाइयों ने इस टूर में पूरा आनंद लिया। वो इस बात से बेखबर थे कि भाजपा वाले उनके विरोधी ही फोटो की ही एक लाइब्रेरी तैयार कर लेते हैं। एक विरोधी खेमा इस टूर को तूल देने में लगा है। वो ये संदेश दे रहे हैं कि टूर पर जाने वालों को ध्यान रखना चाहिए था और इसके लिये वो लाइव और वीडियो को आधार बना रहे हैं। वहीं टूर वाले और यहां वाले दोनों से ही दूर एक तीसरी भाजपा की लॉबी इस पर अपना नजरिया रख रही है। इस लॉबी का कहना है कि जो कुछ हुआ वो एक सामान्य बात है। कुछ ऐसा नहीं हुआ जो इतना उत्पात मच रहा है। गोवा में समुंद्र और स्वीमिंग पूल नहीं होगा तो क्या होगा। सब एकसाथ गए हैं तो लंच नहीं करेंगे तो क्या करेंगे। वहीं दूसरी लॉबी इसे किसी और ही रूप में पेश कर रही है। वो कह रहे हैं कि गोवा वाले टूर का दिल्ली वालों ने नोटिस लिया है। इधर वाले कह रहे है कि जब नोटिस लिया है तो उन्हें ये भी ध्यान होगा कि विधायकों ने प्रोटोकॉल का ध्यान रखा, विधानसभा सत्र का ध्यान रखा, सत्र के अवकाश का ध्यान रखा और एक भी दिन ऐसा नहीं हुआ कि वो सत्र छोड़कर गोवा में हों। वो गोवा टूर छोड़कर फ्लाइट पकड़कर लखनऊ आए और सत्र में भाग लिया। लिहाजा ऐसे में अब माहौल बन रहा है और जो गोवा में थे वो भी वापस आ गये हैं। बताते हैं कि भाजपा पार्षद सतेंद्र चौधरी के यहां आयोजित एक कार्यक्रम में भाजपा के एक बड़े नेता और एक गुर्जर नेता का आमना-सामना हो गया। यहां वैश्य समाज के बड़े नेता ने कहा कि आप जो कर रहे हैं अच्छा कर रहे है, लेकिन यह भी रिमाइंड करा दिया कि आप जिनके खास हो उनके लिये भी कुछ कर रहे हो। सुना है कि चलते-चलते दोनों के बीच हॉट-टॉक भी हो गई। अब सूत्र बताते हैं कि अंदरखाने गोवा टूर को लेकर हंगामा थमने का नाम नहीं ले रहा है। गोवा की लहरे गाजियाबाद की भगवा सियासत में सुनामी लाने का प्रयास कर रही है और गोवा टूर में जाने वालों से लेकर कमी तलाशने वालों तक अपना-अपना काम कर रहे हैं।

गाजियाबाद के एक विभाग में सिफारिश से बिगड़ जाता है काम

बड़े अधिकारी ने माइक पर बोला था- मेरी सिफारिश पर हो गया नुकसान

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। वैसे तो सरकार के साथ ही इस बात की तकरार है कि अधिकारी नहीं सुनते हैं, लेकिन गाजियाबाद का एक सरकारी विभाग ऐसा है जहां अधिकारी की भी नहीं सुनते हैं। यहां सिफारिश कराते ही आपका काम बिगड़ जाएगा और अगर आप लेन-देन के सिस्टम से आ रहे है तो काम बन जाएगा। ये विभाग ऐसा है कि यहां सिफारिश आपको नुकसान पहुंचा सकती है। सूत्र बताते हैं कि बीते दिनों एक मौके पर विभाग में आयोजित कार्यक्रम में इस विभाग के बड़े अधिकारी ने माइक पर ये बोला था कि मैं किसी ओर की क्या हूं मैंने किसी की सिफारिश की थी। इसी महकमें में सिफारिश की थी और मेरी सिफारिश के बाद आप यकीन करें कि उसका काम नहीं हुआ बल्कि उलटे उसका नुकसान हो गया। मुझे अगर पता होता तो मैं सिफारिश ही नहीं करता। ये सिफारिश किसी सामान्य व्यक्ति की नहीं थी, ये उसी महकमे के बड़े अधिकारी की सिफारिश थी। सूत्र बताते हैं कि ये ऐसा विभाग है जहां विधायक और सांसदों की सिफारिश फेल है। यहां अगर आपने किसी भी बड़े स्तर से बड़े अधिकारी को सिफारिश का फोन भी करा लिया तो आपके साथ खेल हो जाएगा। आपका पूरा सिस्टम फेल हो जाएगा। अगर सिफारिश हो गई तो फिर फाइल में इतने लीगल अड़ंगे आएंगे कि आप उन्हें दूर करते-करते थक जाएंगे। शुरू में जो आपसे डिमांड की गई होगी उस डिमांड के रेट चार गुणा बढ़ जाएंगे। ये एक ऐसा विभाग है जहां हर काम के रेट तय हैं। अगर इस विभाग के कर्मचारियों की ही चाहे वो लिपिकीय हों या तकनीकी हों, उनकी संपत्ति की जांच हो जाए तो एक-एक कर्मचारी कई-कई करोड़ का मालिक मिलेगा, लेकिन बड़ा सवाल ये है कि जब ये महकमा अपने बड़े अधिकारियों की ही नहीं सुन रहा तो फिर किसकी सुनेगा।

क्यों किया भाजपा के विधायक ने फोन ना उठाने वाली खबर को शेयर

संदेश दिया स्पष्ट, अधिकारी नहीं कर रहे हैं जनप्रतिनिधियों की केयर

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। विधायक और सांसद जनप्रतिनिधि होते हैं और उनका प्रोटोकॉल ये होता है कि उनके नाम के आगे माननीय लगेगा। वो अधिकारियों से मिलते हैं तो उनका मिलने का समय अलग से तय होता है। सरकार कोई भी हो ये निर्देश होते हैं कि अधिकारी जनप्रतिनिधियों के फोन उठाएंगे। अगर फोन नहीं उठा सकें तो बाद में कॉल बैक करेंगे। लेकिन विधायक और सांसद के फोन पर रेस्पोंस देंगे। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है, अभी तो भाजपा के एक विधायक ने एक अखबार में छपी खबर को शेयर किया। ये खबर थी कि अधिकारी विधायकों के फोन नहीं उठाते हैं। भाजपा के विधायक ने इसे शेयर किया तो ये स्पष्ट हुआ कि सरकार के विधायक को इसी बात का कष्ट है और वो इस बात का संदेश दे रहे हैं कि विधायकों को अधिकारी हल्के में ले रहे हैं। सोशल मीडिया के अपने संदेश हैं। यहां किसी पोस्ट को शेयर करना, किसी खबर को शेयर करना ये माना जाता है कि आप उसके समर्थन में हैं। आप शेयर के साथ अपनी सहमति दे रहे हैं। अगर सरकार विधायक ने किसी खबर को शेयर किया है तो ये एक संदेश है। खासतौर से जब खबर अधिकारियों के खिलाफ है। विधायक ने इस खबर को शेयर किया और अपनी सहमति दी। सरकार के विधायक ने बिना कुछ कहे ये संदेश दे दिया कि वास्तव में अधिकारी विधायकों के फोन नहीं उठा रहे हैं। अगर विधायक इस संदेश को दे रहे हैं तो स्थिति को समझा जा सकता है। जब विधायक ने इस खबर को शेयर किया तो इस पर कार्यकताओं ने भी अपनी प्रतिक्रिया दी। प्रतिक्रिया ये थी कि कार्यकर्ता पूरी तरह से अपने विधायक के साथ नजर आए। वो ये संदेश दे रहे थे कि अधिकारी अगर विधायक का फोन नहीं उठा रहे हैं तो कार्यकर्ता क्या उम्मीद लगा सकते हैं।

मोहित बेनीवाल ने की मुजफ्फरनगर का नाम बदलकर लक्ष्मी नगर करने की मांग

मोहित बेनीवाल ने विधान परिषद के बजट सत्र में उठाई मांग

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। विधान परिषद सदस्य एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मोहित बेनीवाल ने सदन में कहा कि हमारी परम्पराओं के प्रति सम्मान हेतु हमारी भूमि, नगरों के नाम भी सभ्यता, परंपरा के अनुरूप हो। उन्होंने कहा कि आपके माध्यम से एक ऐतिहासिक माँग करना चाहता हूँ। महाभारत काल से जुड़ें जनपद मुजफ्फरनगर का नाम बदलकर ₹लक्ष्मीनगर₹ करने की मांग करता हूँ। यह केवल नाम बदलने का प्रश्न नहीं है बल्कि हमारे सांस्कृतिक गौरव, सभ्यता के पुनर्जागरण व ऐतिहासिक सत्य की पुनर्स्थापना का संकल्प है। मुजफ्फरनगर कोई साधारण भूमि नहीं है, महाभारत काल से जुड़ें हुए इसी जनपद के ₹शुक्रताल₹ में राजा परीक्षित ने ऋषि शुकदेव से भागवत पुराण का ज्ञान प्राप्त किया था। क्या यह उचित है कि यह पवित्र स्थान, एक मुगल शासक मुजफ्फर अली के नाम से जाना जाएँ। यह क्षेत्र कृषि, व्यापार व आर्थिक सम्पन्नता के साथ गुड़ की मिठास का भी केंद्र है, ₹लक्ष्मीनगर₹ नाम क्षेत्र की आर्थिक प्रगति का प्रतीक बनेगा। यह नाम गंगा के निर्मल प्रवाह जैसा परिवर्तनकारी होगा जो हमारी सभ्यता व सांस्कृतिक गौरव को पुनः स्थापित करते हुए, इस क्षेत्र की पहचान को दिशा देगा। मोहित बेनीवाल के द्वारा मुजफ्फरनगर का नाम बदलकर लक्ष्मी नगर रखना की मांग को लेकर जनपद वासियों ने भी उनकी मांग का समर्थन किया है जनपद के लोगों का कहना है कि लंबे समय से मुजफ्फरनगर का नाम लक्ष्मी नगर रखने की मांग की जा रही है ऐतिहासिक और प्राचीन सभ्यता से जुड़ा नाम वास्तव में स्वागत के योग्य है।

दो एडीसीपी के कार्यक्षेत्र बदले

सच्चिदानंद को ट्रैफिक, तो पीयूष सिंह को क्राइम कंट्रोल का मिला जिम्मा

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते दिनों एसीपी के कार्यक्षेत्र में बदलाव के बाद एक बार फिर एडीसीपी स्तर के अधिकारियों के प्लेस और फेस बदले गए हैं। एडीसीपी ट्रैफिक पीयूष सिंह को एडीसीपी क्राइम और महिला अपराध व लाइन बनाया गया है। तो वहीं सच्चिदानंद को क्राइम से हटाकर ट्रैफिक का एडीसीपी बनाया गया है। ट्रैफिक पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस कमिश्नर का सबसे महत्वपूर्ण विषय रहा है। बताया जा रहा है कि इसमें बदलाव और सख्ती से पालन कराने के लिए यह बदलाव किया गया हो। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि सच्चिदानंद लंबे समय से अपर पुलिस उपयुक्त अपराध एवं महिला अपराध का जिम्मा संभाल रहे थे। उनको इसलिए बदला गया है कि वह लंबे समय से तैनात थे। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के सूत्र बता रहे हैं कि दोनों ही पोस्टिंग के पीछे की चर्चा कुछ और ही चल रही है।

देखना होगा दोनों कितने रहते हैं अपने कार्य में सफल

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पीयूष कुमार सिंह अब ट्रैफिक से हटाकर महिला अपराध और क्राइम कंट्रोल का जिम्मा दिया गया है। तो वही सच्चिदानंद को ट्रैफिक के महत्वपूर्ण विषय पर लगाया गया है। ट्रैफिक का विषय गाजियाबाद में वैसे भी महत्वपूर्ण रहता है। इसके साथ ही समय-समय पर वीआईपी मूवमेंट और अन्य आयोजनों को लेकर जाम वाली स्थिति बनती है, उसे दूर करने के लिए सचिदानंद को यह जिम्मेदारी दी गई है। तो वहीं लंबे समय से क्राइम की कमान संभालने वाले सचिदानंद को ट्रैफिक कंट्रोल पर लगाया गया है। देखना होगा दोनों अपने-अपने कार्यों को किस प्रकार से निभाते हैं और क्या परिणाम देते हैं।

अपनों को ठगने वाले बंटी और बबली गिरफ्तार

इंदिरापुरम पुलिस ने पहुंचाया जेल, ठगे थे 11 लाख रुपये

आरोपी बताता था खुद को दादरी का थाना प्रभारी और करता था मैसेज

गाजियाबाद, करंट क्राइम : साइबर ठगी करने वाले बंटी और बबली को इंदिरापुरम पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इंदिरापुरम पुलिस ने एक पति-पत्नी को जानकारों से ठगी के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी दंपति ने अपने ही जानकार से 11 लाख रुपए की ठगी की पीड़ित सीताराम पांडे की शिकायत पर इंदिरापुरम पुलिस ने यह कार्रवाई की है। वहीं आरोपी प्रीति पीड़ित को पहले से जानती थी, सीताराम पांडे ने ही प्रीति की शादी अनिल कुमार से कराई थी। प्रीति ने कई बार अलग-अलग बहाने बनाकर पैसे मांगे थे। उसने कभी पति की नौकरी छूटने का बहाना बनाया, तो कभी जीजा की मौत का, इसके बाद दंपती ने एक नई चाल चली अनिल ने एक नया मोबाइल नंबर लिया और उसपर पुलिस की डीपी लगा ली खुद को दादरी का थाना प्रभारी बताते हुए सीताराम पांडे को मैसेज किए। प्रीति ने पीड़ित को बताया कि उसकी बहन के पति की मौत के मामले की जांच कर रहा है और सीताराम थाना प्रभारी है। फिर डर के मारे दंपति को अलग-अलग रुपए दिए। इस मामले की शिकायत जब इंदिरापुरम पुलिस को मिली तो एसीपी ने इस मामले की जांच करवा कर आरोपी बंटी-बबली को गिरफ्तार करवाया।

कभी एक्सीडेंट, तो कभी मौत, तो कभी नौकरी छूटने की बात

करंट क्राइम : एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने जानकारी दी है कि गिरफ्तार अनिल और प्रीति दोनों ही शातिर दिमाग है। दोनों ने पति पत्नी षडयंत्र करते थे, अपनी बहन की मृत्यु की झूठी खबर देकर फर्जी पुलिस अधिकारी से बात कर ब्लैकमेल का भय दिखाकर पैसे मांगे। फिर कभी पैसे देने के बहाने पर मृत्यु का बहाना करते तो कभी नौकरी छूट जाने का और कभी किसी अन्य परेशानी का कुल मिलाकर पुलिस की माने तो पति-पत्नी इससे पहले भी कई लोगों के साथ ठगी कर चुके हैं लेकिन पुलिस को शिकायत नहीं मिली थी, जिस वजह से कार्रवाई नहीं हो पाई।

शादी समारोह में लहराई पिस्टल, पुलिस ने भेजा जेल

शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र का मामला

गाजियाबाद, करंट क्राइम : सोशल मीडिया पर एक वीडियो और फोटो वायरल हुआ। जिसमें शालीमार गार्डन क्षेत्र के अंतर्गत एक शादी समारोह में विश्व हिंदू परिषद वैशाली के पदाधिकारी द्वारा भतीजे को चाचा का रिवाल्वर लगाना भारी पड़ गया। इस मामले में पुलिस की ओर से मुकदमा लिखा गया है। साथ ही आरोपी को हवालात में पुलिस ने हिरासत में रखा। इस मामले में पुलिस ने गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए लाइसेंसी हथियार निरस्त करने की रिपोर्ट भी तैयार कर ली है। बताया जा रहा है कि शालीमार गार्डन थानाक्षेत्र के अंतर्गत एक युवक कैलाश और उनका भाई मनोज की शादी कार्यक्रम में गए थे। इसमें कैलाश ने अपने चाचा रोहतास उदय की लाइसेंसी रिवाल्वर अपनी कमर में लगाकर घूम रहा था। तस्वीरें कैद हुई तो उसे कैलाश ने सोशल मीडिया पर डाली, इसके बाद फोटो और वीडियो वायरल होने के इस मामले का संज्ञा लेते हुए उनको विक्रम एंक्लेव इलाके से गिरफ्तार किया गया। साथ ही पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

भतीजे ने लगा रखी थी चाचा की रिवाल्वर

जांच के बाद की गई है विधिक कार्रवाई

करंट क्राइम : एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल का कहना है कि पुलिस ने सोशल मीडिया पर मिली फोटो और वीडियो के आधार पर यह कार्रवाई की है। साथ ही जल्द ही लाइसेंस रद्द करने की प्रक्रिया भी अधिकारियों को भेजी जाएगी । बता दें की वीडियो कई दिन पुराना बताया जा रहा है। इस मामले में पुलिस ने खुद ही संज्ञा लेते हुए कार्रवाई की है।

शादी समारोह में रोटी पर थूक लगाने वाला गिरफ्तार, वायरल हुई थी वीडियो

भोजपुर इलाके का था मामला

गाजियाबाद, करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में देहात जोन के अंतर्गत भोजपुर थानाक्षेत्र के एक शादी समारोह में रोटी पर थूंक लगाने का वीडियो वायरल हो रहा था। इस मामले में भोजपुर पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और आरोपी फरमान को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं उसके खिलाफ कार्रवाई की गई है। एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय ने बताया है कि 23 फरवरी को ग्राम सैदपुर थाना भोजपुर में विनोद कुमार की लड़की की शादी थी। इस समारोह में एक कैटरर्स की तरफ से रोटी बनाने वाला व्यक्ति फरमान सैदपुर का रहने ही वाला आया था ,उसका वीडियो वायरल हो रहा था। जिसमें वह थूंक लगाकर रोटी सेक रहा था। यह वीडियो जब पुलिस के संज्ञान में आया तो मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

गाजियाबाद में अब तक आ चुके हैं दर्जनों मामले

करंट क्राइम : थूंककांड का गाजियाबाद में यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले लोनी, मोदीनगर, मुरादनगर, वेव सिटी, खोड़ा, घंटाघर कोतवाली और नंदग्राम सहित सही थानाक्षेत्र में खाना बनाने के दौरान थूंक लगाकर बनाने और परोसने के मामले आए थे। जिसमें सोशल मीडिया की वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के लिए थानाक्षेत्र में कार्रवाई की गई है।

संपादकीय

क्षमताओं में इजाफा

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने 1875 में अपनी शुरूआत से लेकर अब तक काफी सफर तय कर लिया है। इसमें समय के साथ काफी सुधार हुआ है और अब यह देश की वैज्ञानिक उन्नति का प्रतीक है। यह अल्पावधि में और दीर्घावधि में मौसम के रुझानों की विशेषज्ञतापूर्वक जानकारी देता है और मौसम से जुड़ी विपरीत घटनाओं को लेकर समय रहते चेतावनी देता है। चूंकि भारत का मौसम विभाग हाल ही में 150 साल का हुआ है, इसकी महत्ता की अनदेखी नहीं की जा सकती है। मौसम का पूर्वानुमान विभिन्न क्षेत्रों के रोजमर्रा के काम में अहम भूमिका निभाता है। इनमें खेती, सड़क और रेल परिवहन, उड़ान संचालन, बिजली संयंत्रों से ऊर्जा उत्पादन का प्रबंधन और यहां तक कि पर्यटन भी शामिल हैं। उदाहरण के लिए आईएमडी हवा के चलने की दिशा और गति बताता है, वह दिन के हिसाब से अधिकतम और न्यूनतम तापमान के ऐतिहासिक आंकड़े भी मुहैया कराता है ताकि सौर और पवन ऊर्जा संयंत्रों को लेकर जगह और डिजाइन का निर्धारण किया जा सके। वर्षा, चक्रवात, लू की चपेट और सूखे का सही अनुमान भी भारत जैसे देशों में आपदा के बेहतर प्रबंधन को लेकर अहम है। पूर्वानुमान का सटीक होना समय के साथ बढ़ता गया। हालांकि अभी भी सुधार की गुंजाइश है। वर्ष1999 में ओडिशा में ह्यसुपर साइक्लोनह्ल के बाद आईएमडी ने लगातार यह प्रयास किया है कि चक्रवात का अनुमान लगाने की उसकी क्षमता में सुधार हो। वास्तव में चक्रवात को लेकर पूर्वानुमान लगाने की क्षमता 2000 के दशक के आरंभ के 20 फीसदी से बढ़कर 2020 में 80 फीसदी हो चुकी है। इसी प्रकार अतिरंजित मौसम की घटनाओं को लेकर चार-पांच दिन पहले अनुमान लगाने की क्षमता लोगों का जीवन बचाने में बहुत मददगार साबित हो रही है। इसका श्रेय आईएमडी द्वारा ऑटोमेटिक वेदर स्टेशन, ऑटोमेटिक रेन गेज इंस्ट्रूमेंट्स, डॉप्लर रडार और ऑब्जर्वेटरी जैसी उन्नत तकनीक अपनाने को भी दिया जा सकता है। स्पष्ट है कि आईएमडी का 150 वर्ष का होना भारत जैसे देश के लिए अहम है क्योंकि वह मौसम और जलवायु परिवर्तन की दृष्टि से तैयार रहना चाहता है। जलवायु परिवर्तन के कारण मौसम का पूर्वानुमान लगाना और चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में उसकी भूमिका और भी महत्त्वपूर्ण हो गई है। इस संदर्भ में हाल ही में जारी आईएमडी विजन डॉक्यूमेंट 2047 आने वाले वर्षों में अहम खाका पेश करने वाला होगा। जैसा कि दस्तावेज में कहा गया है आईएमडी को मौसम और जलवायु संबंधी सूचनाओं को बेहतर बनाते हुए अतिरंजित मौसम की घटनाओं में लोगों की जान जाने पर नियंत्रण करना होगा। इसमें ग्रामीण और परिवार के स्तर पर अतिरंजित मौसम की घटनाओं का 100 फीसदी पता लगाना, तीन दिन पहले एकदम सटीक पूर्वानुमान लगाना, सात दिन पहले 80 फीसदी तक सटीक अनुमान लगाना और 10 दिन पहले तक 70 फीसदी सटीक अनुमान लगाना शामिल है। हाल ही में लॉन्च मिशन मौसम से आईएमडी की मौसम निगरानी, मॉडलिंग, पूर्वानुमान और यहां तक कि मौसमी बदलाव को आंकने की क्षमताओं में इजाफा होने की संभावना है।

द्विपक्षीय निवेश संधि का नया मॉडल वैश्विक निवेश वातावरण की मांग के आधार पर बनेगा : सीईए नागेश्वरन

नई दिल्ली। 'भारत को निवेश अनुकूल बनाना' विषय पर एक पोस्ट बजट वेबिनार 2025 को संबोधित करते हुए नागेश्वरन ने कहा कि आधुनिक चुनौतियों से निपटने के लिए बीआईटी ढांचे को संशोधित किया जा रहा है। द्विपक्षीय निवेश संधि (बीआईटी) का नया मॉडल पाठ गतिशील वैश्विक निवेश माहौल की मांगों के देखते हुए तैयार होगा और यह भारत के संप्रभु अधिकारों और नियामकीय प्रतिबद्धताओं की भी सुरक्षा करेगा। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने यह टिप्पणी की है।

'भारत को निवेश अनुकूल बनाना' विषय पर एक पोस्ट बजट वेबिनार 2025 को संबोधित करते हुए नागेश्वरन ने कहा कि आधुनिक चुनौतियों से निपटने के लिए बीआईटी ढांचे को संशोधित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत के मॉडल बीआईटी की पिछली समीक्षा के बाद से लगभग 10 वर्ष बीत चुके हैं और तब से वैश्विक निवेश के पारिस्थितिकी तंत्र और न्यायशास्त्र में बड़ा बदलाव हुआ है। नागेश्वरन ने कहा कि निवेशक अब अपने निवेश के लिए अधिक मजबूत सुरक्षा चाहते हैं, विशेष रूप से उभरती अर्थव्यवस्थाओं में। ऐसे में मॉडल बीआईटी में बदलाव जरूरी हो गया है, ताकि इसे अंतरराष्ट्रीय मानदंडों के अनुरूप बनाया जा सके और सुनिश्चित किया जा सके कि देश मध्यम आकार के उद्यमों के लिए एक आकर्षक निवेश गंतव्य बना रहे। नागेश्वरन ने कहा, नया मॉडल बीआईटी गतिशील वैश्विक निवेश वातावरण की मांगों के प्रति अधिक अनुकूल होगा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने 2025-26 के बजट भाषण में कहा कि निरंतर विदेशी निवेश को प्रोत्साहित करने और 'फर्स्ट डेवलप इंडिया' की भावना के साथ वर्तमान मॉडल बीआईटी को नया रूप दिया जाएगा और इसे अधिक निवेशक-अनुकूल बनाया जाएगा। विदेशी निवेश आर्थिक वृद्धि और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, और हम चालू खाता घाटे (सीएडी) वाले देश हैं, इसलिए हमें पोर्टफोलियो और प्रत्यक्ष निवेश दोनों की आवश्यकता है। भारत ने 1994 में यूनाइटेड किंगडम के साथ अपने पहले द्विपक्षीय निवेश समझौते पर हस्ताक्षर किया था। हाल ही में, 2024 में संयुक्त अरब अमीरात और उज्बेकिस्तान के साथ दो और द्विपक्षीय निवेश संधियों पर हस्ताक्षर किए हैं। वर्तमान में भारत, ब्रिटेन, सऊदी अरब, कतर और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ बीआईटी पर बातचीत कर रहा है।

आयकर विधेयक पर चर्चा के लिए लोकसभा की प्रवर समिति की बैठक 6 और 7 मार्च को

नई दिल्ली। आयकर विधेयक, 2025 पर चर्चा के लिए भाजपा सांसद बैजयंत पांडा की अध्यक्षता में लोकसभा की प्रवर समिति की बैठक 6 और 7 मार्च को होगी। 6 मार्च को चयन समिति ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया और अन्र्स्ट एंड यंग को बातचीत के लिए बुलाया है। आयकर विधेयक 2025 पर चर्चा के लिए भाजपा सांसद बैजयंत पांडा की अध्यक्षता में लोकसभा की प्रवर समिति की बैठक 6 और 7 मार्च को होगी।

6 मार्च को चयन समिति ने इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया और अन्र्स्ट एंड यंग को बातचीत के लिए बुलाया है। समिति आईसीएआई और ईवाई के प्रतिनिधियों की मौखिक राय रिकॉर्ड पर लेगी। 7 मार्च को नए विधेयक पर उद्योग संगठनों फेडरेशन ऑफ इंडियन चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (फिक्की) और कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री (सीआईआई) के विचार सुने जाएंगे।

केंद्र की बिना मंजूरी एक हजार करोड़ तक का निवेश कर सकेंगी आईआरसीटीसी और आईआरएफसी

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने रेलवे सेक्टर की दो प्रमुख कंपनियों भारतीय रेलवे केटरिंग एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) और भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफसी) को नवरत्न कंपनी का दर्जा प्रदान कर दिया। देश में अब नवरत्न कंपनियों की संख्या बढ़कर 26 हो गई हैं। केंद्र सरकार ने रेलवे सेक्टर की दो प्रमुख कंपनियों भारतीय रेलवे केटरिंग एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) और भारतीय रेलवे वित्त निगम (आईआरएफसी) को नवरत्न कंपनी का दर्जा प्रदान कर दिया। सार्वजनिक उपक्रम विभाग (डीपीई) ने बताया कि देश में अब नवरत्न कंपनियों की संख्या बढ़कर 26 हो गई हैं।

आईआरसीटीसी इस सूची में शामिल होने वाली 25वीं, जबकि आईआरएफसी 26वीं कंपनी बनी। नवरत्न का दर्जा प्राप्त करने के बाद कंपनियां वित्तीय रूप से अधिक सशक्त और स्वायत्त होंगी। इस उपलब्धि पर रेल मंत्री

अश्विनी वैष्णव ने सोशल मीडिया पर दोनों कंपनियों को बधाई दी। आईआरसीटीसी रेल मंत्रालय के अधीन एक सार्वजनिक उपक्रम है, जिसने वित्तीय वर्ष 2023-24 में 4,270.18 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इसका शुद्ध लाभ 1,111.26 करोड़ रुपये और कुल नेट वर्थ 3,229.97 करोड़ रुपये दर्ज की गई है। वहीं, आईआरएफसी का समान अवधि में 26,644 करोड़ रुपये का टर्नओवर रहा है।

बेल, सीसीआई एचएएल शामिल केंद्र सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को तीन श्रेणियों में बांटा है। पहली श्रेणी महारत्न, दूसरी नवरत्न और तीसरी मिनिरत्न है। इसका उद्देश्य कंपनियों की आर्थिक स्थिति को बेहतर और प्रतियोगी बनाना है।

वर्तमान में देश की प्रमुख नवरत्न कंपनियों में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., कंटेनर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लि., एनएमडीसी, राइट्स, इनकॉन, मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स और ओएनजीसी विदेश लि. शामिल हैं।

अस्थिरता के बावजूद देश में नौ महीने में आया 27 फीसदी अधिक एफडीआई

नई दिल्ली। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के मुताबिक, 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में एफडीआई करीब 43 फीसदी बढ़कर 13.6 अरब डॉलर रहा था। वहीं, अप्रैल-जून तिमाही में 47.8 फीसदी की वृद्धि रही थी और 16.17 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) चालू वित्त वर्ष 2024-25 के पहले नौ महीने (अप्रैल-दिसंबर) में सालाना आधार पर 27 फीसदी बढ़कर 40.67 अरब डॉलर पहुंच गया। 2023-24 की समान अवधि में देश में 32 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। हालांकि, चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही (अक्तूबर-दिसंबर) में सिर्फ 10.9 अरब डॉलर का एफडीआई आया। यह 2023-24 की समान अवधि के 11.55 अरब डॉलर की तुलना में 5.6 फीसदी कम है।

उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के मुताबिक, 2024-25 की जुलाई-सितंबर तिमाही में एफडीआई करीब 43 फीसदी

बढ़कर 13.6 अरब डॉलर रहा था। वहीं, अप्रैल-जून तिमाही में 47.8 फीसदी की वृद्धि रही थी और 16.17 अरब डॉलर का एफडीआई आया था। कुल एफडीआई प्रवाह अप्रैल-दिसंबर में 21.3 फीसदी बढ़कर 62.48 अरब डॉलर पहुंच गया। इसमें शेयर बाजार में निवेश, पुनर्निवेशित आय व अन्य पूंजी शामिल है।

रोचक तथ्यों का करंट



- साल 1962 में, अमेरिका ने अंतरिक्ष में एक हाइड्रोजन बम को उड़ा दिया जो हिरोशिमा से 100 गुना अधिक शक्तिशाली था।
- स्पेस में जाने वाले एस्ट्रोनॉट वहां पाद नहीं सकते, क्योंकि वहां गुरुत्व नहीं है, जो पेट में द्रव्य को गैस से अलग कर सके।
- 23 अप्रैल, 1967 को सोवियत कॉस्मोनॉट व्लादिमीर कोमारोव अंतरिक्ष की अपनी दूसरी यात्रा के दौरान वापसी में स्पेसक्राफ्ट के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने पर मारे गए थे। अंतरिक्ष यात्रा में मरने वाले वे दुनिया के पहले व्यक्ति थे।
- आप अंतरिक्ष में रो नहीं कर सकते क्योंकि आपके आँसू कभी नहीं गिरेंगे।
- अंतरिक्ष यात्री के मुताबिक, अंतरिक्ष में स्टेक, गर्म धातु और वेल्डेंग फोम की तरह खुशबू आ रही है।
- अंतरिक्ष सूट को बनाने में 12 मिलियन डॉलर खर्च होते हैं।
- अंतरिक्ष में गुरुत्वाकर्षण बल न होने के कारण इंसान की रीढ़ की हड्डी को पृथ्वी पर होने वाले खिंचाव से छुटकारा मिल जाता है. और जब कोई अंतरिक्ष यात्री अपनी रीढ़ की हड्डी को सीधा करता है तो उसकी लम्बाई 2.25 इंच तक बढ़ जाती है।

शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला जारी

सेंसेक्स 96 अंक गिरा, निफ्टी 22,082 पर हुआ बंद

नई दिल्ली। शेयर बाजार कारोबारी सप्ताह के दूसरे दिन भी गिरावट के साथ बंद हुआ। मंगलवार सुबह 300 से अधिक अंकों की गिरावट के साथ खुला शेयर बाजार लाल निशान पर ही बंद हुआ। दिनभर के कारोबार के दौरान बाजार थोड़ा संभला लेकिन वह लाल निशान को पार नहीं कर सका। सेंसेक्स 96.01 अंक गिरकर 72,989.93 अंक पर बंद हुआ और

निफ्टी भी 36.65 अंक फिसलकर 22,082.65 पर रहा।

राशिफल

मेष: आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

वृष: जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

मिथुन: शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

कर्क: पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

सिंह: व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

कन्या: प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

तुला: कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

वृश्चिक: किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

धनु: आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

मकर: लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

कुंभ: किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

मीन: वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

चुटकुले

बेटा- पापा आप डॉक्टर कैसे बने?
पापा- बेटा, उसके लिये बहुत दिमाग की जरूरत पड़ती है
बेटा- हां, जानता हूं, इसीलिए ही तो पूछ रहा हूं कि आप डॉक्टर कैसे बने ..?
पापा- दे थप्पड़.....दे थप्पड।

एक खूबसूरत लड़की बस स्टैंड पर खड़ी थी...
एक नौजवान बोला- चांद तो रात में निकलता है, आज दिन में कैसे निकल आया?
लड़की बोली- अरे उल्लू तो रात को बोलता था, आज दिन में कैसे बोल रहा है।

किसी शादी में पंडित जी ने दूल्हे का हाथ दुल्हन के हाथ में थमा दिया।
एक बच्चा ये देख रहा था, उसने अपने पिता से पूछा - पिताजी दूल्हा और दुल्हन आपस में हाथ क्यों मिला रहे हैं?
पिता ने उत्तर दिया - बेटा, पहलवान अखाड़े में उतरने से पहले हाथ जरूर मिलाते हैं।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

05 03 2025 करंट क्राइम

सेलेब्रिटी जन्मदिन

जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

आज के जन्मदिन

नरसर (अभिनेता)

आराध्या

सुधा सिंह

अजय रावत

यशपाल शर्मा

आकाश टांक

दीपू गौतम

लोकेश

सचिन त्यागी

ऋषिपाल भाटी

गौरव भाटी

सुरेश सिंह

उपेंद्र सिंह

अंकित त्यागी

जितेंद्र कुमार

संजीव शर्मा

दीपक कर्दम

गोपीचंद मौर्य

कुलदीप कुमार

प्रमोद तिवारी

उत्तम पंडित

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

लक्ष्य का पीछा करते हुए तुरुप का इक्का साबित हुए कोहली, चौथे नंबर पर दिखा श्रेयस का बल्ला

मुंबई। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली की दमदार पारी की बदौलत भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। यह भारतीय टीम की मौजूदा टूर्नामेंट में चौथी जीत है। इससे पहले रोहित शर्मा की सेना ने बांग्लादेश, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड को हराया। अब भारतीय टीम का सामना फाइनल में बुधवार को दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मैच में जीत दर्ज करने वाली टीम से होगा। यह मैच दुबई में नौ मार्च को खेला जाएगा।

भारत को मिला 265 रनों का लक्ष्य

ऑस्ट्रेलिया ने स्टीव स्मिथ की 73 रनों की दमदार पारी की बदौलत भारत के सामने 265 रनों का लक्ष्य रखा है। इस नॉकआउट मुकाबले में भारतीय टीम चार स्पिनर्स और दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरी। मोहम्मद शमी ने तीन विकेट लिए जबकि वरुण चक्रवर्ती और रवींद्र जडेजा को दो-दो सफलताएं मिलीं। वहीं, हार्दिक पांड्या और अक्षर पटेल ने एक-एक विकेट अपने नाम किया। स्पिनर्स के खिलाफ कंगारुओं ने कुल 34 ओवर खेले। इस दौरान टीम ने पांच विकेट खोए और 176 रन बनाए। वहीं, दो ओवर मेडन रहे। धीमी गति के गेंदबाजों ने इस मैच में लगभग पांच से ज्यादा की इकोनॉमी से गेंदबाजी की। कुलदीप यादव (5.50), अक्षर पटेल (5.37), रवींद्र जडेजा (5.00) और वरुण चक्रवर्ती (4.90) कहर बनकर टूटे।

दिलचस्प बात यह है कि ऑस्ट्रेलिया ने नियमित अंतराल पर विकेट तो खोए लेकिन शुरूआती पांच ओवर को छोड़ दिया जाए तो उन्होंने पांच से ज्यादा का रन रेट बरकरार रखा। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए स्मिथ के 96 गेंदों पर 73 रन और एलेक्स कैरी के 57 गेंदों पर 61 रनों की मदद से 49.3 ओवर में 264 रन बनाए। भारत को शमी ने कोनोली को आउट कर पहली सफलता दिलाई। इसके बाद ट्रेविस हेड ने कुछ आक्रामक शॉट खेलकर टीम को संभालने की कोशिश की, लेकिन वरुण चक्रवर्ती ने हेड को आउट कर भारत को बड़ी सफलता दिलाई। इसके बाद स्मिथ ने मार्नस लाबुशेन के साथ साझेदारी जमाई। स्मिथ एक छोर से पारी आगे बढ़ाते रहे और उन्होंने रन गति का भी ध्यान रखा। हालांकि, दूसरे छोर पर विकेट भी गिरते रहे। स्मिथ के आउट होने के बाद एलेक्स कैरी ने मोर्चा संभाला और आक्रामक बल्लेबाजी की। अंतिम ओवरों में भारतीय गेंदबाज विकेट निकालने में सफल रहे।

मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स में बदायूं के मनोज यादव ने दिखाया दम, दिल्ली में जीता पदक

अधिकतर विदेशों में खेले जाने वाले एमएमए में मुक्केबाजी, कुश्ती, जूडो, कराटे और बॉक्सिंग की तकनीक का प्रयोग होता है।

नई दिल्ली। डब्ल्यूडब्ल्यूएफ (वर्ल्ड रेसलिंग फेडरेशन) की तरह खेले जाने वाले खेल एमएमए (मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स) में बरेली के मनोज यादव ने दिल्ली में पदक जीता है। नए तरह के इस खेल के वह यहां पर एकमात्र खिलाड़ी हैं। दिल्ली में 25 से 28 फरवरी तक हुई एमएमए प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए ओडिशा के राजेश पुजारी को हराकर पदक जीता है।

अधिकतर विदेशों में खेले जाने वाले एमएमए में मुक्केबाजी, कुश्ती, जूडो, कराटे और बॉक्सिंग की तकनीक का प्रयोग होता है। इसमें खिलाड़ी अपने प्रतिद्वंद्वी को मात देकर जीतता है। इसकी प्रतियोगिता बॉलीवुड अभिनेता टाइगर श्रॉफ मैट्रिक्स फाइट नाइट (एमएफएन) के नाम से महाराष्ट्र में करवाते हैं। इस खेल में खिलाड़ी अक्सर चोटिल हो जाते हैं। इसलिए कम खिलाड़ी ही इसमें हाथ आजमाते हैं।

बदायूं के रहने वाले मनोज यादव इस खेल में करीब चार वर्ष से प्रतिभाग कर रहे हैं। वह वर्तमान में सुरेश शर्मा नगर में रहते हैं। मनोज ने बताया कि वह एथलेटिक्स के खिलाड़ी थे लेकिन कोरोना काल में खेलकूद बंद होने से परेशान हुए। उसी दौरान उन्हें अपने दोस्तों से एमएमए की जानकारी मिली। फिर वह इसकी पेशेवर ट्रेनिंग लेने के लिए बिना परिजनों को बताए देहरादून गए। वहां पर सीखने के बाद उनकी मेहनत रंग लाई। फिर मुकाबलों में जीत हासिल किए तो उनके वीडियो सोशल मीडिया पर छा गए। उनके मुकाबलों के वीडियो वायरल हुए तो परिजनों को सच्चाई का पता चला। इसकी अधिकतर प्रतियोगिताएं दिल्ली और मुंबई में होती है। मनोज ने कहा कि वह एमएमए में नए मुकाम हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

गुजरात ने यूपी वॉरियर्ज को 90 रन से हराया:बेथ मूनी शतक से चूकीं, हरलीन ने 45 रन बनाए; काशवी-तनुजा को 3-3 विकेट

लखनऊ। विमेंस प्रीमियर लीग सीजन-3 के 15वें मैच में गुजरात जायंट्स ने यूपी वॉरियर्ज को 81 रन से हरा दिया। यह सीजन में टीम की तीसरी ही जीत है। गुजरात से बेथ मूनी ने 96 और हरलीन देओल ने 45 रन बनाए। काशवी गौतम और तनुजा कंवर को 3-3 विकेट मिले। लखनऊ के इकाना स्टेडियम में सोमवार को यूपी ने बॉलिंग चुनी। गुजरात ने 5 विकेट खोकर 186 रन बनाए। जवाब में यूपी की टीम 105 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। शिनेले हेनरी ने 28 रन बनाए। मूनी-हरलीन ने सेंचुरी पार्टनरशिप की टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी गुजरात ने पहले ओवर में दयालन हेमलता का विकेट गंवा दिया। हेमलता 2 ही रन बना सकीं। बेथ मूनी ने फिर फिफ्टी लगाई और हरलीन देओल के साथ 101 रन की पार्टनरशिप कर ली। हरलीन 45 रन बनाकर आउट हुईं। कप्तान एश्ले गार्डनर 11 ही रन बना सकीं। डिएंड्रा डॉटिन 17, फीब लीचफिल्ड 8 और भारती फूलमाली 2 ही रन बना पाईं। मूनी एक एंड पर टिकी रहीं, उन्होंने 96 रन बनाए और टीम को 186 तक पहुंचा दिया। यूपी से सोफी एक्लेस्टन ने 2 विकेट लिए। शिनेले हेनरी और दीप्ति शर्मा को 1-1 विकेट मिला। यूपी की बेहद खराब शुरूआत 187 रन के बड़े टारगेट का पीछा करने उतरी यूपी वॉरियर्ज की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने पहले ही ओवर में 2 विकेट गंवा दिए। किरण नवगिरे और जॉर्जिया वॉल खाता भी नहीं खोल सकीं। वृंदा दिनेश 1, कप्तान दीप्ति शर्मा 6 और श्वेता सहरावत 5 रन बनाकर आउट हुईं। टीम ने 36 रन पर 5 विकेट गंवा दिए।

ओपनर ग्रेस हैरिस 25, विकेटकीपर उमा छेत्री 17 और शिनेले हेनरी 28 रन बनाकर आउट हुईं। सोफी एक्लेस्टन ने एक एंड संभाला, लेकिन उन्हें दूसरे एंड पर साथ नहीं मिला। गौहर सुल्ताना खाता भी नहीं खोल सकीं। एक्लेस्टन 14 रन बनाकर आउट हुईं और टीम 17.1 ओवर में 105 रन बनाकर सिमट गई। काशवी ने 3 विकेट लिए गुजरात के लिए तेज गेंदबाज काशवी गौतम और तनुजा कंवर ने 3-3 विकेट लिए। डिएंड्रा डॉटिन को 2 विकेट मिले। मेघना सिंह और कप्तान एश्ले गार्डनर ने 1-1 विकेट लिया। तीसरे नंबर पर पहुंची गुजरात यूपी को 81 रन के बड़े अंतर से हराने के बाद गुजरात जायंट्स की टीम पॉइंट्स टेबल में तीसरे नंबर पर पहुंच गई। टीम ने यूपी वॉरियर्ज को पांचवें नंबर पर धकेल दिया। 10 पॉइंट्स के साथ दिल्ली पहले नंबर पर है। मुंबई दूसरे और बेंगलुरु चौथे नंबर पर हैं।

'अगर आपको पतले...', सुनील गावस्कर का फूटा गुस्सा; रोहित शर्मा को मोटा कहने वाली शमा मोहम्मद को सुनाई खरी-खरी

नई दिल्ली। क्रिकेट के खेल की बात हो या फिर किसी भी खेल की, खिलाड़ियों की फिटनेस हमेशा जरूरी होती है। क्रिकेट मैच में मैदान पर खिलाड़ियों को शानदार कैच लपकते हुए और शानदार खेल दिखाते हुए देखा जाता है, लेकिन खिलाड़ियों की एक गलती की वजह से उन्हें अपनी फिटनेस को लेकर आलोचनाओं का भी सामना करना पड़ता है।

हाल ही में भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा को लेकर कांग्रेस नेता शमा मोहम्मद ने एक ऐसा बयान दिया, जिसके बाद विवाद खड़ा हो गया। शमा मोहम्मद ने रोहित को मोटा खिलाड़ी कहा। उनके इस बयान के बाद वह मुश्किल में फंस गई है। इस बीच भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने शमा मोहम्मद की खूब लताड़ लगाई। दरअसल, भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना था कि क्रिकेट मानसिक ताकत से कई गुना आगे है और खिलाड़ी की बॉडी का इससे कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि अगर फिटनेस चयन का पहला क्राइटेरिया है, तो मॉडलों को टीम में चुना जाना चाहिए। गावस्कर ने कहा, मैंने हमेशा कहा है अगर आपको केवल पतले लड़के चाहिए हैं, तो आपको मॉडलिंग कॉम्पिटिशन में जाना चाहिए और सभी मॉडलों को चुनना चाहिए। यहां ऐसा नहीं है। यहां बस ये है कि आप अच्छी तरह क्रिकेट खेल सकते हैं। हमने सरफराज खान के बारे में बात की। उन्हें लंबे समय तक बदनाम किया गया क्योंकि उनका मोटापा है, लेकिन अगर वह टेस्ट मैच में भारत के लिए 150 रन बनाते हैं और इसके बाद दो या तीन पचास से ज्यादा स्कोर बनाते हैं, तो दिक्कत क्या है? मुझे नहीं लगता कि बॉडी शेमिंग का इससे कोई लेना-देना है। यह आपकी मानसिक ताकत है, क्या आप दूरी तक क्रीज पर टिक सकते हैं, यह सबसे महत्वपूर्ण बात है। अच्छी बल्लेबाजी करो, अच्छी बल्लेबाजी करो।

भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा, 16 देश करेंगे प्रतिभाग

'योगासन चैंपियनशिप योगासन को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल के रूप में स्थापित करने के हमारे मिशन में एक निर्णायक क्षण है।

नई दिल्ली। भारत दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी 29 से 31 मार्च तक यहां इंदिरा गांधी स्टेडियम में करेगा जिसमें कुल 16 देश भाग लेंगे। खेल मंत्रालय और योगासन भारत के सहयोग से आयोजित की जा रही इस चैंपियनशिप का उद्देश्य योगासन की समृद्ध विरासत और सांस्कृतिक महत्व को अपनाते हुए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इसका प्रदर्शन करना है।

एशियाई ओलंपिक परिषद, विश्व योगासन, एशियाई योगासन और योगासन इंद्रप्रस्थ द्वारा समर्थित यह कार्यक्रम योगासन को ओलंपिक में शामिल करने की दिशा में खाका तैयार करने में मदद करेगा। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने यहां जारी विज्ञप्ति में कहा, 'योग की जन्मभूमि भारत को दूसरी एशियाई योगासन चैंपियनशिप की मेजबानी करने का गौरव प्राप्त है। यह आयोजन सिर्फ एक प्रतियोगिता नहीं है। यह हमारे प्राचीन ज्ञान का उत्सव है जो आधुनिक प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में विकसित हो रहा है।'

उन्होंने कहा, 'हम योगासन को वैश्विक खेल बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह चैंपियनशिप उस लक्ष्य की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है। हम इस आयोजन के माध्यम से योगासन की उपयोगिता खेल के संदर्भ में समझ सकेंगे। योगासन में शारीरिक और मानसिक दोनों तरह से जीवन को बदलने की शक्ति भी है।'

एशियाई योगासन के अध्यक्ष संजय मालपानी ने चैंपियनशिप के प्रभाव पर जोर देते हुए कहा, 'योगासन चैंपियनशिप योगासन को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त खेल के रूप में स्थापित करने के हमारे मिशन में एक निर्णायक क्षण है। हम इसमें आधुनिक एथलेटिक उत्कृष्टता के साथ परंपरा के मिश्रण को देख रहे हैं।'

विश्व योगासन के महासचिव जयदीप आर्य ने कहा, 'इस चैंपियनशिप में पूरे एशिया के असाधारण खिलाड़ी एक मंच पर आयेंगे, जो इस प्राचीन अभ्यास की ताकत, लचीलापन और अनुशासन का प्रदर्शन करेंगे।' योगासन भारत के अध्यक्ष उदित शेठ ने कहा कि भारत इस प्राचीन खेल के भविष्य को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध है।

पहलवान सुशील कुमार को जमानत:सागर धनखड़ हत्याकांड में 4 साल से तिहाड़ जेल में था; रेसलिंग में 2 ओलिंपिक मेडल जीते थे

पानीपत। ओलिंपियन पहलवान सुशील कुमार जेल से बाहर आ रहा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने पहलवान को जमानत दी है। हाईकोर्ट ने सुशील कुमार को 50 हजार के बॉन्ड और इसी राशि के जमानतदारों की गारंटी पर रिहा किया है। वह जूनियर पहलवान सागर धनखड़ हत्याकांड मामले में 4 साल से तिहाड़ जेल में बंद था। सुशील कुमार पर आरोप है कि उसने 2021 में दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम की पार्किंग में सागर धनखड़ और उसके दो दोस्तों पर जानलेवा हमला किया था इस हमले में सागर धनखड़ की मौत हो गई थी। जांच में सामने आया था कि यह हमला युवा पहलवानों में वर्चस्व बनाने और प्रॉपर्टी विवाद के लिए किया गया था।

सर्जरी के लिए मिली थी अंतरिम जमानत

इससे पहले जुलाई 2023 में सर्जरी के लिए सुशील को 7 दिन की अंतरिम जमानत दी गई थी। दिल्ली की रोहिणी कोर्ट ने जमानत देते हुए कहा था कि 7 दिन की बेल अवधि में उसके साथ 2 सुरक्षाकर्मी 24 घंटे मौजूद रहेंगे। यह जमानत 23 जुलाई से 30 जुलाई तक के लिए मिली थी, जिसके लिए 1 लाख का निजी बॉन्ड भरना पड़ा था। सुशील को हिदायत

दी गई थी कि इस दौरान न तो वह गवाहों को धमकाएंगे, और न ही सबूतों के साथ छेड़छाड़ करेंगे।

4 मई, 2021 की रात को क्या हुआ था

पुलिस की ओर से दाखिल की गई चार्जशीट के मुताबिक, 4 मई 2021 को रात करीब 1 बजे छत्रसाल स्टेडियम के पार्किंग एरिया में पहलवानों के 2 गुटों में झड़प हो गई थी। इस दौरान फायरिंग भी हुई, जिसमें 5 पहलवान जख्मी हो गए थे। इनमें सागर (23), सोनू (37), अमित कुमार (27) और 2 अन्य पहलवान शामिल थे। इनमें से सागर ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वह दिल्ली पुलिस में हेड कॉन्स्टेबल का बेटा था। इस घटना का एक वीडियो भी सामने आया था, जिसमें सुशील कुमार अपने दोस्तों के साथ जूनियर पहलवान को हॉकी से पीटता दिख रहा था।

यह वीडियो सुशील कुमार ने ही बनवाया था। सुशील कुमार को इस घटना के बाद 23 मई 2021 को मुंडका के मेट्रो स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। दिल्ली पुलिस ने गिरफ्तार कर सुशील को रोहिणी कोर्ट भेज दिया था। अक्टूबर 2021 को उसे जेल भेज दिया गया।

सुशील कुमार पर आरोप है कि उसने 2021 में दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम की पार्किंग में सागर धनखड़ और उसके दो दोस्तों पर जानलेवा हमला किया था इस हमले में सागर धनखड़ की मौत हो गई थी। जांच में सामने आया था कि यह हमला युवा पहलवानों में वर्चस्व बनाने और प्रॉपर्टी विवाद के लिए किया गया था।

एएफसी चैंपियंस लीग एलीट, राउंड ऑफ 16

अल नस्र और एस्तेगलाल के बीच मुकाबला गोलरहित ड्रॉ

नई दिल्ली। तेहरान के आजादी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में सोमवार को खेले गए एएफसी चैंपियंस लीग एलीट राउंड ऑफ 16 के पहले चरण के मुकाबले में एस्तेगलाल और अल नस्र के बीच मुकाबला बिना किसी गोल के ड्रॉ रहा। मैच में दोनों टीमों को गोल करने के कई मौके मिले, लेकिन कोई भी टीम उन्हें भुनाने में सफल नहीं रही। अल नस्र, जो इस मुकाबले में अपने स्टार खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के बिना उतरी थी, ने पहले हाफ में दबदबा बनाया। टीम को सबसे अच्छा मौका 21वें मिनट में मिला, जब जॉन डुरान ने एस्तेगलाल के बॉक्स के अंदर से शॉट लगाया। हालांकि, एस्तेगलाल के गोलकीपर हुसैन हुसैनी ने शानदार बचाव किया, लेकिन गेंद अयमान याह्या के पास गिर गई।

याह्या के सामने खाली गोल था, लेकिन रूजबेह चेश्मी ने शानदार गोललाइन क्लीयरेंस कर गोल होने से रोक लिया। दूसरे हाफ में एस्तेगलाल ने आक्रामक खेल दिखाया और 50वें मिनट में उसे गोल करने का सुनहरा मौका मिला। अरमिन सोहराबियन ने बाईं विंग से बेहतरीन क्रॉस दिया, जिसे रेजाईयान ने बॉक्स के अंदर हेडर के जरिए गोल की ओर मोड़ा। हालांकि, उनकी कोशिश गोलपोस्ट के बेहद करीब से बाहर चली गई। अब दोनों टीमें 10 मार्च को सऊदी अरब के रियाद स्थित अल-अव्वल पार्क में होने वाले दूसरे चरण के मुकाबले में आमने-सामने होंगी।

फ्रेंचाइजी की जबरदस्त टीमों का हुआ ऐलान, कबड्डी के बड़े टूर्नामेंट में दिखेगा इन खिलाड़ियों का जलवा

नई दिल्ली। युवा ऑल स्टार्स चैंपियनशिप के लिए कई सारे टीमों के स्क्वाड का ऐलान हो गया है। युवा योद्धाज, केसी वारियर्स, वास्को वाइपर्स, जूनियर स्टीलर्स, युवा मुम्बा, कुरुक्षेत्र वारियर्स और चंडीगढ़ चार्जर्स जैसी टीमों का ऐलान हो गया है। कई सारे युवा खिलाड़ियों को इन स्क्वाड में शामिल किया गया है। सभी खिलाड़ी युवा ऑल स्टार्स चैंपियन बनने के लिए एक दूसरे से टक्कर लेंगे। युवा ऑल स्टार्स चैंपियनशिप 2025 की अगर बात करें तो यह अपने आपमें कबड्डी का एक अनोखा टूर्नामेंट है। इसका आयोजन 6 मार्च से हरिद्वार के वंदना कटारिया इंडोर स्टेडियम में किया जाएगा। डेली चार मैच खेले जाएंगे और टूर्नामेंट का समापन 4 अप्रैल को होगा। अगर हम मैचों की टाइमिंग की बात करें तो सुबह 10:15 अट पर पहला मैच, 11:45 अट पर दूसरा मैच, 4 ढट पर तीसरा मुकाबला और शाम 5:30 बजे चौथा मुकाबला खेला जाएगा। इन मैचों का सीधा प्रसारण फैनकोड पर किया जाएगा। कुल मिलाकर 12 टीमें टूर्नामेंट में हिस्सा लेंगी और ट्रॉफी के लिए एक दूसरे को चुनौती पेश करती हुई नजर आएंगी। दिसंबर 2024 और जनवरी 2025 में युवा कबड्डी सीरीज का 11वां संस्करण हुआ था। इसमें से 6 टीमों ने आगामी युवा ऑल स्टार्स चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया था।

टूर्नामेंट को लेकर बात करते हुए इसके सीईओ मिस्टर विकास गौतम ने काफी उत्साह जताया था। उन्होंने कहा था। यह बेस्ट खिलाड़ियों के बीच की लड़ाई होगी। एक ऐसा फॉर्मेट है जो इससे पहले कभी नहीं देखा गया है। अगले 30 दिनों तक बेहतरीन मुकाबलों के लिए तैयार हो जाइए। जहां पर देश के उभरते हुए युवा टैलेंट अपनी स्किल को बड़े स्टेज पर दिखाएंगे। युवा ऑल स्टार्स चैंपियनशिप एक सपने के सच होने जैसा है।

चैंपियंस ट्रॉफी के बीच टीम इंडिया के लिए आई बुरी खबर, नहीं रहे दिग्गज स्पिनर

मुंबई। मुंबई के महान स्पिनर पद्माकर शिवालकर का निधन हो गया है। शिवालकर 84 साल के थे। उनका उम्र संबंधी समस्याओं के कारण 3 मार्च को मुंबई में निधन हो गया। उन्होंने मुंबई के लिए कई सालों तक घरेलू क्रिकेट खेला और 500 से ज्यादा विकेट अपने नाम किए। पद्माकर बाएं हाथ के स्पिनर थे। उन्होंने 22 साल की उम्र में रणजी ट्रॉफी में डेब्यू किया और 48 साल की उम्र तक खेलते रहे। शिवालकर ने 1961-62 से 1987-88 के बीच कुल 124 फर्स्ट क्लास मैच खेले और और 19.69 के शानदार गेंदबाजी औसत से 589 विकेट अपनी झोली में किए। इस दौरान उन्होंने 42 बार 5 विकेट और 13 बार 10 विकेट लेने का बड़ा कारनामा किया। घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन करने के बावजूद वह कभी भारतीय टीम के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट नहीं खेल पाए। शिवालकर ने 12 लिस्ट ए मैच भी खेले और 16 विकेट चटकाए। उन्हें भारतीय क्रिकेट बोर्ड यानी इउउक ने साल 2017 में सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से भी नवाजा था।

रणजी ट्रॉफी के इतिहास में उनका सबसे शानदार प्रदर्शन 1972-73 के फाइनल में आया। इस मैच में उन्होंने 16 रन देकर 8 विकेट और 18 रन देकर 5 विकेट लेकर मुंबई (तब बॉम्बे) को तमिलनाडु पर शानदार जीत दिलाई थी। दिग्गज भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर ने शिवालकर के निधन पर शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह वाकई बहुत दुखद खबर है। कुछ ही समय में मुंबई क्रिकेट ने अपने दो दिग्गज खिलाड़ियों मिलिंद और अब पद्माकर को खो दिया है, जो कई जीत के सूत्रधार थे। बता दें, 19 फरवरी को मुंबई के पूर्व कप्तान और मुख्य चयनकर्ता मिलिंद रेगे का निधन हो गया था। और अब पद्माकर शिवालकर ने दुनिया को अलविदा कह दिया।

निगम करा रहा है शहर में वार्ड कोटे के कार्यों से निर्माण, कवि नगर की सड़कों का हुआ जीर्णोद्धार

शहर में जारी है निरंतर विकास कार्यों की रफ्तार : महापौर सुनीता दयाल

शहर में चल रहे निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें अधिकारी : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद नगर निगम लगातार शहर में विकास कार्यों को करा रहा है जिसमें सभी वार्डों के अंतर्गत 50-50 लाख के कार्य कराए गए, उसके बाद गाजियाबाद नगर निगम आवश्यकता को देखते हुए 30-30 लाख के कार्य सभी वार्डों में करने की कार्यवाही कर रहा है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशानुसार सभी वार्डों में गुणवत्ता पूर्वक कार्य कराए जा रहे हैं जिसकी मॉनिटरिंग निर्माण विभाग अधिकारी कर रहे हैं।

कवि नगर जोन अंतर्गत लगभग 8 करोड़ के कार्य वार्ड कोटे से कराए जा चुके हैं। इसी क्रम को आगे बढ़ते हुए साढ़े चार करोड़ के कार्य और करने की योजना बनाते हुए निगम कार्रवाई कर रहा है। एच ब्लॉक कवि नगर में लगभग 2 किलोमीटर सड़कों का जीर्णोद्धार किया गया जिसमें 44 लाख की लागत आई। इसी प्रकार अवंतिका चिरंजीव विहार में भी लगभग 14 लाख की लागत से 297 मीटर सड़क बनाई गई। राजनगर रेजिडेंशियल एरिया में भी 16 करोड़ की लागत से 1080 मी सड़क बनाई गई। राजनगर आरडीसी सेक्टर 10 में भी 14 लाख की लागत से 990 मीटर सड़क बनाई गई। चिरंजीव विहार सेक्टर 5 में 8 करोड़ की सड़क 200 मी बनाई गई। इसी क्रम में गोविंदपुरम क्षेत्र तथा अन्य कवि नगर के क्षेत्र में निर्माण कार्य करने के लिए लगातार पैमाइश का कार्य चल रहा है।

मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी द्वारा बताया गया कि गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत आने वाले सभी वार्डों में विकास कार्य चल रहे हैं। सभी जोन अंतर्गत आने वाले वार्डों के आंतरिक क्षेत्र में इंटरलॉकिंग का कार्य नाली बनाने का कार्य, डेंस का कार्य चल रहा है, इसके अलावा अन्य मदों से शहर की कई प्रमुख मार्गो को भी सुधार किया जा रहा है। पार्षदों द्वारा दिए जा रहे मांग पत्रों पर कार्रवाई करते हुए वार्ड कोट के अंतर्गत आंतरिक क्षेत्र में कार्य तेजी से कराए जा रहे हैं। महापौर सुनीता दयाल तथा नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में गाजियाबाद के सभी वार्डों में भव्यता से कार्य चल रहे है। नगर आयुक्त द्वारा निर्माण विभाग टीम को लगातार चल रहे कार्यों की मॉनिटरिंग के निर्देश दिए गए हैं।

नोएडा में सीएम के आने की तैयारी तेज कंपनी का लोकार्पण दो का करेंगे शिलान्यास

नोएडा (करंट क्राइम)। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आठ मार्च को नोएडा और ग्रेनो आएंगे। इसके लिए प्राधिकरण ने तैयारी शुरू की है। सेक्टर-145 के आसपास सड़कों की रिसर्फेसिंग शुरू की गई है। साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यहां डिवाइडर पर पेंट किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री पहले ग्रेटर नोएडा जाएंगे इसके बाद सड़क मार्ग से नोएडा आएंगे। नोएडा से हेलीकाप्टर के जरिए वो लखनऊ वापस जाएंगे। इसके लिए सेक्टर-145 में हेलीपेड बनाया जा रहा है। ग्रेटरनोएडा में सोलर कंपनी का लोकार्पण और भूमिपूजन करेंगे। इसके बाद नोएडा में अलग-अलग कंपनियों का लोकार्पण और शिलान्यास करेंगे। ये तीनों कंपनियां नोएडा-ग्रेनो एक्सप्रेसवे के आसपास हैं। नोएडा प्राधिकरण ने उनके आगमन की तैयारी तेज कर दी है। हालांकि इस बार नोएडा प्राधिकरण के किसी भी प्रोजेक्ट का शिलान्यास और लोकार्पण सीएम नहीं करेंगे। इसके लिए मई में उनका कार्यक्रम लग सकता है। तीन में दो कंपनियों का लोकार्पण नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि सेक्टर-145 एमएक्यू सॉफ्टवेयर कंपनी की इमारत बनकर तैयार है। मुख्यमंत्री इसका शुभारंभ करेंगे। सेक्टर-145 स्थित माइक्रोसॉफ्ट कंपनी के भूखंड का शिलान्यास भी करेंगे। सेक्टर-132 में सीपी कंपनी का डाटा सेंटर बनकर तैयार है। वह इसका भी लोकार्पण करेंगे। नोएडा के इन तीन कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री ग्रेटर नोएडा में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने जाएंगे।

जमीन बेचने की एवज मे अग्रिम धनराशि लेकर भी मिल रही धमकी

मोदीनगर (करंट क्राइम)। जमीन बेचने की एवज में सात लाख रुपए की अग्रिम धनराशि लेकर हेरीफेरी कर भूमि दूसरे को बेचे जाने का मामला प्रकाश में आया है विरोध जताने पर खरीददार को धमकी दी जा रही हैं। पुलिस ने चार के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। गांव सौंदा निवासी जितेंद्र त्यागी ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में आरोप मंढ़ा है कि गांव सौंदा के पुष्पेंद्र कुमार व मोनेंद्र कुमार ने गांव में कुछ जमीन बेचे जाने की बात कही थी, जिसके आधार पर रजिस्ट्री इकरारनामा हो गया और सात लाख रुपए चैक के माध्यम से खरीददार ने दे दिये। जब उसने निर्धारित तिथि पर रजिस्ट्री करने की बात कही तो आरोप है कि बेचने वालो ने विरोध किया ओर दूसरे को जमीन बेचने की कवायद रच डाली ओर खरीददार जितेंद्र को जान से मारने की धमकी दे डाली। मामला पुलिस के समक्ष पहुंचा। पुलिस ने इस मामले में पीडित की ओर से गांव शेरपुर निवासी पुष्पेंद्र कुमार, मोनेंद्र कुमार, आकाश नेहरा व आशीष के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं। पुलिस पीडित के लगाये गये आरोपों के आधार पर जांच कर रही हैं।

पुराने शहर का कौन सा व्यापारी नेता खेलेगा आईपीएल का सटटा

एक कुंभ खत्म हो गया और दूसरा कुंभ शुरू होने जा रहा है। एक कुंभ में लोगो ने डुबकी लगाई और पाप धोये। इस वाले कुंभ में लोग डूब भी जायेगें और कोई अपने मकान से हाथ धोयेगा तो कोई कार से। ये सटोरियों का आईपीएल महाकुंभ हैं जिसकी पुलिस को भले ही खबर न हो लेकिन पूरा शहर जानता है कि कौन कौन से खिलाड़ी इस सटटे को खेलते हैं। इसमें धर्म वाले भी और धर्म वालों में राम वाले भी हैं और इस्कान वाले भी हैं। इधर के व्यापार मडंल वाले भी हैं और उधर के व्यापार मडंल वाले भी हैं। एक व्यापारी नेता तो ऐसा हैं जिसे कभी इरफान नाम के सिपाही ने पकड़ कर बिठा लिया था और ले दे कर ही मामला सैटल हुया था। पुराने शहर का एक व्यापारी नेता आईपीएल सटटा इलेवन टीम का आलराऊंडर खिलाड़ी हैं। वो इस आईपीएल में भी खेलने के लिये तैयार है। अगर पुलिस ठीक से काम कर ले तो कसम से वो प्लेयर थाने में दिखाई देगें कि खेल का खेला होगा और पुलिस की प्रेस कांफेंस में रौनक मेला होगा।

पहले वालों को भी नही थी मनाही हमारी तो चढ़ेगी राम हलवा कढ़ाही

कोरोना के बाद पुरानी रामलीला का निजाम बदला है और नया निजाम कुछ नई परंपराओं के साथ काम करना चाहता है। दरअसल इस रामलीला की खूबसूरती ही इसकी परंपरा हैं। उस्ताद खलीफा की परंपरा से लेकर रावण के दूत की परंपरा। राम की लीला से पहले कमेटी की महाभारत की परंपरा। सुना है कि नई कैबीनेट आसन पर विराजमान होने से पहले सारे सदस्यों के सम्मान में कढ़ाही चढ़ा कर,प्रभु श्री राम को भोग लगा कर,प्रसाद वितरित करने के बाद काम काज शुरू करेगी। एक नये युग की शुरूआत होगी। वही इंटरनल विरोध करने वालों ने माहौल बनाना शुरू कर दिया हैं। चर्चा शहर वालों में ही चली तो सामान्य सदस्य ने कहा कि ऐसा है कि पहले वालों को भी मनाही नही थी। मगर उनके पास सबको साथ लेकर चलने का विजन नही था पुरातन रामलीला में प्रभु श्री राम हलवा कढ़ाही की परंपरा से सुंदर क्या हो सकता है।

ये कौन सा है विधान कि सुंदरकांड के प्रसाद का खर्च वहन करेगें ज्ञान

पुराना निजाम लगभग चेंज हो गया मगर कहने वाले ने कहा कि मोहरे वहीं हैं बस चेहरे बदल कर आ गये हैं। नुमाईदगी तो उन्ही की होगी जिन्हे जनादेश नही मिला है। सुना है कि सुंदरकांड का पाठ हो रहा है और राम वालों ने ही कहा ये तो अच्छी बात है मगर खराब तो ये है कि राम वालों के खाते में फंड है फिर भी सिस्टम इतना झंड है कि प्रसाद का खर्चा भी कमेटी नही उठा पा रही। तभी तो प्रसाद की व्यवस्था ज्ञान जी कर रहे हैं। शहर की ही ये आवाज है कि पता तो चले कि प्रसाद की स्पान्सरशिप का क्या राज है। जब कमेटी के पास धन है और काम कमेटी का हो रहा है,काम कमेटी करवा रही है तो फिर वो प्रसाद की व्यवस्था किसी और की जेब से क्यों करवा रही है। पता तो चले कि धन नही हैं या मन नही हैं। राम का काम राम वालो के दाम तो कहां से आ गये ज्ञान।

न्यूज डायरी

शादी समारोह में गया परिवार, घर का सामान कर लिया चोरी

मोदीनगर (करंट क्राइम)। एक परिवार शादी समारोह में शामिल होकर लौटा। इस बीच घर की अलमारी का ताला तोड़ उसमें रखी हजारों रुपए की नगदी व लाखों के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर ले गये। पीड़ित पक्ष की दी तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। भोजपुर थानान्तर्गत गांव महम्मदपुर सुजानपुर निवासी धर्मवीर सिंह के परिवार में शादी समारोह का आयोजन था, पूरा परिवार दिल्ली में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने गया था, जब रविवार को लौटा तो घर के सभी दरवाजे खुले पडे थे ओर लाईट जल रही थी, अंदर जाकर देखा तो सामान बिखरा पडा था। बाद में पता चला कि चोरो ने घर में घूसकर अलमारी में रखी 5000 रुपए की नगदी, सोने-चांदी के जेवरात सहित अन्य सामान चोरी कर लिया हैं। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने भी जांच की ओर रिपोर्ट दर्ज कर ली हैं।

95 करोड़ की जमीन का फर्जीवाडा, फर्जी दस्तावेजों से जमीन बेचने की कोशिश, गिरफ्तार

नोएडा करंट क्राइम। सेंट्रल नोएडा पुलिस ने बड़े जमीन घोटाले का पर्दाफास किया है। पुलिस ने फर्जी दस्तावेजों से जमीन बेचने की कोशिश करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शाहबेरी में 2.009 हेक्टेयर जमीन को फर्जी तरीके से बेचने की योजना बनाई थी। यह जमीन नगर पंचायत डासना के वर्तमान चेयरमैन मुजाहिद हुसैन की है। आरोपियों ने फर्जी मुजाहिद हुसैन के नाम से दस्तावेज तैयार कराए और जमीन को 95 करोड़ रुपये में बेचने की कोशिश की। डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों में राकेश कुमार, सिराजूद्दीन और महेंद्र कुमार शामिल हैं। ये तीनों पहले भी इस तरह के फर्जीवाड़े में शामिल रहे हैं। पुलिस ने आरोपियों से फर्जी आधार कार्ड, पैन कार्ड, किसान बही, खसरा और खतौनी की नकली प्रतियां बरामद की हैं। इसके अलावा दो स्मार्ट फोन, एक कीपैड मोबाइल और एक होंडा अमेज कार भी जब्त की गई है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने जांच की और मंगलवार को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस अब इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

क्या डीसीपी स्तर पर आने वाला है कोई आदेश

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में बीते कुछ ही दिनों में दो गजटेड अफसरों की लोकल तबादला लिस्ट आ चुकी है। इस लिस्ट से जहां कईयों को जटका दिया है तो कई अभी संट भी नजर आ रहे हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में नई चर्चा सुनाई दे रही है। जिस तरह से एक जोन वाले साहब से एक खास चार्ज लेकर दूसरे जोन वाले साहब को दिया गया है उसकी चर्चा भी पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में लाइन से लेकर साइड लाइन वाले इलाकों में कर रहे हैं। उधर सुनने में आ रहा है कि इस लिस्ट को लेकर जो रियक्शन आने थे उसके बाद एक चर्चा सुनाइ दे रही है कि कहीं फिर डीसीपी स्तर पर कोई फेरबदल या जोन बदलाव की चर्चा सनुाई दे रही है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस तरह से बीते दिनों देहात वाले साहब की शक्तियां कम हुई हैं उसकी भी चर्चा हो रही है।

सुनने में तो यहां तक आ रहा है कि अगर कमिश्नरेट वाले उच्च स्तर पर कोई सूचना नहीं आती है तो आने वाले दिनों में दो साहब लोगों के समीकरण बदलेंगे। उधर सुनने में आ रहा है कि मंगलवार को जो दो एडीसीपी वाले अधिकारियों की लिस्ट आई है उसने कईयों को हैरान किया है तो आने वाले दिनों में एक एसीपी और उनके साहब के बीच कहीं कोल्ड वार वाला सीन भी बन सकता है। बताया जा रहा है कि एक जिस प्रकार से नदियापार वाले एक साल वाली पारी खेल चुके हैं तो दोनों जोन वाले साहब लोगों की चर्चाएं खत्म नहीं हो रही हैं। उधर देखना होगा कि आने वाले दिनों में सिटी और देहात को लेकर डीसीपी स्तर की कोई सूचना या बदलाव आता है या फिर सब कुछ सामान्य हो जाएगा। उधर पुलिस कमिश्नरेट और लखनऊ वाले सूत्र बता रहे हैं कि अगर आईपीएस अधिकारियों वाली एक और लिस्ट आई तो उसमें फिर से गाजियाबाद वाले नामों को खोजा जाएगा। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिस तरह से बेहद छोटी लिस्ट आई है उसके बाद कई अधिकारियों को कुछ समझ नहीं आ रहा है कि आने वाले दिनों में क्या बदलाव वाला सीन होगा। वहीं सुनने में आ रहा है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में जिस तरह से शहर वाले साहब पर भरोसा जताया जा रहा है और उनके नेतृत्व में सारे कार्य व अभियान चल रहे हैं, उससे देहात व नदियापार को लेकर कई चर्चा चल रही है।

विज्ञान कोलोक्वियम 2.0 नवाचार और प्रेरणा का संगम

मोदीनगर (करंट क्राइम)। एसआरएम इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी में विज्ञान कोलोक्वियम 2.0 का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में विज्ञान और नवाचार से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए तथा विद्यार्थियों की रचनात्मकता को प्रोत्साहित करने हेतु विज्ञान परियोजना प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सलाहकार, वैज्ञानिक. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार डॉ0 एसके वर्मा रहें। उन्होंने विज्ञान एवं नवाचार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को सतत अनुसंधान और नवाचार की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इसके उपरान्त विज्ञान दर्पण के दूसरे अंक का विमोचन हुआ।

इस विज्ञान पत्रिका में विद्यार्थियों द्वारा लिखे गए शोध लेख एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित रचनाएँ प्रकाशित की गई हैं। विज्ञान परियोजना प्रदर्शनी में कुल 17 नवाचारपरक परियोजनाएँ प्रस्तुत की गईं, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डायरेक्टर डॉ0 एस विश्वनाथन, डॉ0 आरपीण महापात्रा, डॉ0 नवीन अहलावत, व डॉ0 धौम्या भट्ट ने की। गणमान्य व्यक्तियों ने विज्ञानं के क्षेत्र में विद्यार्थियों के योगदान की सराहना की और उन्हें निरंतर प्रयोगशील बने रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में संस्थान के फैशन क्लब के छात्र छात्राओं द्वारा रोबोटिक्स थीम पर रैंप वाक प्रस्तुत किया गया। उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं अतिथियों ने विज्ञान व तकनीकी के क्षेत्र में नवाचार को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।

बाइक पर लेटकर किया स्टंट, पुलिस ने काटा 20 हजार का चालान, लाइसेंस भी होगा रद्द

हापुड़ (करंट क्राइम)। हापुड़ में एक युवक द्वारा बाइक पर खतरनाक स्टंट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। न्यू शिवपुरी मोहल्ले में युवक ने बाइक पर लेटकर और हाथों को हवा में लहराते हुए स्टंट किया। यातायात प्रभारी छविराम ने बताया कि वीडियो की जांच में बाइक वरुण कुमार के नाम से पंजीकृत पाई गई। पुलिस ने युवक पर 20 हजार रुपये का चालान काटा है। पुलिस अभी स्टंट करने वाले युवक की तलाश कर रही है। घटना पॉस इलाके की है, जहां पुलिस की गाड़ियां नियमित गश्त करती हैं। स्टंट के दौरान मोहल्ले में मौजूद लोग भयभीत हो गए। यातायात प्रभारी ने आम नागरिकों से स्टंट या रैश ड्राइविंग करने वालों की सूचना देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि लोग ऐसे मामलों में फोटो या वीडियो भी साझा कर सकते हैं। पुलिस ने अब यह भी तय किया है कि स्टंट करने वालों का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किया जाएगा और जुमार्ना भी लगाया जाएगा। इस कार्रवाई से सड़क सुरक्षा के नियमों का उल्लंघन करने वालों को सख्त संदेश दिया गया है।

कौशांबी में जन औषधि दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन

साहिबाबाद करंट क्राइम। प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना के तहत मंगलवार को जन औषधि दिवस के पखवाड़े के तहत एक कदम मातृशक्ति की ओर कार्यक्रम के तहत कौशांबी जयपुरिया मार्केट में महिला दिवस की पूर्व संध्या पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस आयोजन की मुख्य अतिथि पार्षद कुसुम गोयल एवं पूर्व पार्षद डॉक्टर मनोज गोयल, डॉ प्रीति वर्मा, ओसियन अग्रवाल, जन औषधि केंद्र के प्रबंधक सुरेश मित्तल उपस्थित रहे। पार्षद द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सस्ते इलाज और सस्ती दवाई अभियान को चलाए जाने पर उनको बधाई दी गई और इस जन औषधि केंद्र से लोगों को मिल रहे लाभ के बारे में बताया उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी महिलाओं को हर कार्य में प्रोत्साहन दे रही है। दिल्ली की मुख्यमंत्री महिला इसका एक उदाहरण है। इस अवसर पर आई महिलाओं को औषधि केंद्र द्वारा गिफ्ट भी बांटे गए। इस अवसर पर जयपुरिया एनक्लेव सोसायटी के अध्यक्ष के एल सचदेवा, समाजसेवी एस आर सिंह, रेनू मल्होत्रा, विमला भट्ट, अनीता खंडेलवाल, पवित्रा रेनू नेगी, नीलम रावत सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लिया।

आज सफाई कर्मचारी वेतन बढ़ोतरी पर जताएंगे सीएम योगी का आभार

जिलाधिकारी दीपक मीणा के माध्यम से योगी आदित्यनाथ के नाम देंगे ज्ञापन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद जिलाधिकारी दीपक मीणा के नाम से आज 12 :00 बजे उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को एक आभार पत्र सफाई कर्मचारियों की तरफ से दिया जाएगा। सफाई कर्मचारियों की वेतन वृद्धि 12 से 16 हजार 20000 किए जाने पर उनको धन्यवाद ज्ञापन जिलाधिकारी गाजियाबाद के माध्यम से दिया जाएगा।

होली-ईद को लेकर नोएडा की दनकौर कोतवाली में बैठक

पुलिस ने गणमान्य लोगों से की अपील, त्योहार शांतिपूर्वक मनाएं, विवाद की सूचना तुरंत दें

नोएडा (करंट क्राइम)। ग्रेटर नोएडा की दनकौर कोतवाली में मंगलवार को आगामी त्योहारों को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एसीपी तृतीय अरविंद कुमार और कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह मौजूद रहे। पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्र के गणमान्य लोगों से होली और ईद के त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में हिंदू और मुस्लिम दोनों समुदायों के त्योहार हैं। सभी को मिलजुलकर इन्हें मनाना चाहिए। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान कोई विवाद होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि क्षेत्र की शांति भंग करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस ने तीन घंटे के अभियान में 621 लोग किए गिरफ्तार

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद में सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस कमिश्नरेट के तीनों जोन में चलाए गए विशेष अभियान में 621 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस को लगातार शिकायतें मिल रही थीं, कि कुछ लोग सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीकर राहगीरों को परेशान कर रहे हैं। इसके बाद शहर, देहात और ट्रांस हिंडन जोन में यह अभियान चलाया गया। पकड़े गए सभी लोगों को थाने लाया गया और मेडिकल जांच के बाद पुलिस एक्ट की धारा 34 के तहत चालान किया गया।

डीसीपी सिटी राजेश कुमार के अनुसार, नगर जोन में सबसे ज्यादा 258 लोगों पर कार्रवाई की गई। इनमें कोतवाली घंटाघर से 56, विजयनगर से 55, सिहानी गेट से 25, नंदग्राम से 45, कवि नगर से 37 और मधुबन बापूधाम से 40 लोग शामिल हैं। डीसीपी रूरल सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि देहात जोन में 221 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। इनमें ट्रॉनिका सिटी से सर्वाधिक 52 लोग पकड़े गए। लोनी से 25, अंकुर विहार से 6, लोनी बॉर्डर से 18, मसूरी से 20, मुरादनगर से 29, मोदीनगर से 17, निवाड़ी से 13, भोजपुर से 9, वेव सिटी से 10 और क्रॉसिंग रिपब्लिक से 22 लोगों को गिरफ्तार किया गया। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल ने बताया कि इसी तरीके से ट्रांस हिंडन क्षेत्र में भी कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 142 लोगों को पकड़ा गया। इनमें से थाना इंदिरापुरम से 26 कौशांबी से 23 खोड़ा से 18 साहिबाबाद से 21 लिंक रोड से 20 शालीमार गार्डन से 15 और टीला मोड़ से 19 लोगों को पकड़ के थाना लाया गया और मेडिकल करवा के 34 पुलिस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

नाबालिग को बेरहमी से पीटा, कंधे पर उठाकर गहरे गड्ढे में पटका, गाली-गलौच की, पुलिस जांच में जुटी

हापुड़ (करंट क्राइम)। हापुड़ जिले के बाबूगढ़ कोतवाली क्षेत्र के गांव वनखंडा में एक नाबालिग के साथ हुई मारपीट का मामला सामने आया है। मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें कुछ लोग एक नाबालिग की पिटाई करते नजर आ रहे हैं। वीडियो में दिख रहा है कि आरोपी नाबालिग को लात-घूंसों से पीट रहे हैं और गाली-गलौज कर रहे हैं। आरोपियों ने पीड़ित को कंधे पर उठाकर गहरे गड्ढे में पटक दिया। इस पूरी घटना का वीडियो आरोपियों ने खुद ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया। सूत्रों के अनुसार यह घटना सोमवार की है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस सक्रिय हो गई है। थाना प्रभारी विजय गुप्ता ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

न्यूज डायरी

स्पेसएक्स का परीक्षण रद्द

वाशिंगटन। एलन मस्क के स्पेसएक्स ने अपने स्टारशिप रॉकेट की नए परीक्षण उड़ान को सोमवार को इसके निर्धारित प्रक्षेपण से ठीक पहले रोक दिया है। जिसमें विशालकाय अंतरिक्ष यान के साथ एक समस्या का हवाला दिया गया। इसे लेकर स्पेसएक्स ने एक्स पर पोस्ट किया, 'आज के उड़ान परीक्षण प्रयास से पीछे हट रहे हैं। 'स्टारशिप टीम उड़ान भरने के लिए अगला सबसे अच्छा उपलब्ध अवसर निर्धारित कर रही है।' पुनर्निर्धारित प्रक्षेपण की घोषणा अभी तक नहीं की गई है, हालांकि स्पेसएक्स के कर्मचारी डैन हुओट ने घटना के लाइव फीड के दौरान कहा कि यह लगभग 24 घंटे होने की उम्मीद है।

पोप को सांस लेने में दिक्कत बढ़ी

वेटिकन। ईसाई धर्मगुरु पोप फ्रांसिस की श्वसन संबंधी समस्या बढ़ गई है। सोमवार को वेटिकन ने कहा कि उन्हें फिर से नॉन इनवेसिव वेंटिलेशन पर रखा गया है। पोप को दो सप्ताह पहले अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जब फेफड़ों में बहुत अधिक बलगम जमा हो जाने से उन्हें सांस लेने में दिक्कत होने लगी थी। अस्पताल में भर्ती होने के दौरान उनकी श्वसन संबंधी समस्या बढ़ गई थी और वह निमोनिया से भी पीड़ित हो गए थे। सोमवार को जारी ताजा बयान में वेटिकन ने कहा कि 88 वर्षीय पोप के स्वास्थ्य में गिरावट उनके फेफड़ों में काफी बलगम जमा होने और श्वास नलिका में ऐंठन के कारण हुई है। उनको दो ब्रोंकोस्कोपी की गई है। उनके फेफड़ों से तत्काल बलगम निकाले जाने की आवश्यकता है। हालांकि, वह चेतनावस्था में हैं और स्वास्थ्यकर्मियों के साथ सहयोग कर रहे हैं। सोमवार को ही दिन के समय उन्होंने अस्पताल से ही श्रद्धालुओं के लिए एक संदेश जारी किया था।

जापान की आईस्पेस 6 जून को चंद्रमा पर उतरने का दूसरा प्रयास करेगी

जापान। जापानी चंद्रमा अन्वेषण कंपनी आईस्पेस ने कहा कि उसका रेजिलिएंस लैंडर 6 जून को स्थानीय समयानुसार सुबह 4:24 बजे (5 जून को 1924 ऋ्रळ) चंद्रमा पर उतरने का प्रयास करेगा, जो अप्रैल 2023 में पहला प्रयास विफल होने के बाद उसका दूसरा प्रयास होगा। यह रविवार को अमेरिकी कंपनी फायरफ्लाई एयरोस्पेस के ब्लू घोस्ट अंतरिक्ष यान की सफल चंद्रमा लैंडिंग के बाद होगा, जिसने जनवरी में आईस्पेस के रेजिलिएंस के साथ एक ही स्पेसएक्स रॉकेट साझा किया था। वहीं एक अन्य अमेरिकी फर्म, इंट्यूटिव मशीन्स ने भी पिछले सप्ताह अपना दूसरा चंद्र लैंडर एथेना लॉन्च किया और आने वाले दिनों में चांद पर उतारने का लक्ष्य रखा है।

एम23 विद्रोहियों ने 130 मरीजों का किया अपहरण

कांगो। लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो में चल रही हिंसा के बीच एम23 विद्रोही लगातार कब्जा कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि एम23 विद्रोहियों ने पूर्वी कांगो के एक प्रमुख शहर के दो अस्पतालों से कम से कम 130 बीमार और घायल लोगों का अपहरण कर लिया। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय की प्रवक्ता रवीना शमदासानी ने बताया कि 28 फरवरी को एम23 विद्रोहियों ने गोमा स्थित सीबीसीए एनडोशो अस्पताल और हील अफ्रीका अस्पताल पर हमला किया। विद्रोहियों ने सीबीसीए से 116 रोगियों और हील अफ्रीका से 15 अन्य लोगों को अगवा कर लिया। विद्रोहियों को शक था कि अस्पताल में भर्ती मरीज कांगो सेना के सैनिक या सरकार समर्थक वाजालेंडो मिलिशिया के सदस्य थे। शमदासानी ने उनकी तत्काल रिहाई की मांग की। उन्होंने कहा कि यह दुखद है कि एम23 ने अस्पताल के बिस्तरों से मरीजों को अगवा किया। उन्हें अज्ञात स्थानों पर बिना किसी संपर्क के बंधक बनाकर रखा गया है।

इमरान को अदियाला जेल की काल कोठरी में रखने का दावा

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के रावलपिंडी में उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल के भीतर कैद पूर्व पीएम इमरान खान को मौत की कोठरी में एकांत कारावास में रखा गया है। यह दावा सोमवार को उनकी पार्टी (पीटीआई) के केंद्रीय सूचना सचिव शेख वकास अकरम ने एक प्रेसवार्ता में किया। उन्होंने दावा किया, इमरान खान दोषी ठहराए जाने से पहले ही मृत्यु कोठरी (डेथ सेल) में हैं। अकरम का दावा है कि खान को जिस कोठरी में रखा गया, वह आतंकवादियों के लिए रही है। वकास अकरम ने कहा, यह शर्मनाक है कि पूर्व प्रधानमंत्री के साथ उनका संकल्प तोड़ने के एकमात्र उद्देश्य से ऐसा व्यवहार किया जा रहा है, लेकिन इन बाधाओं के बावजूद खान का संकल्प मजबूत है। उन्होंने आगे कहा, खान को राजनीतिक सहयोगियों और परिजनों सहित आगंतुकों से मिलने से मना किया गया, जो कानून के विपरीत है। यह कोर्ट आदेशों की अवहेलना है।

पाकिस्तान के लिए इमरान अब खुद में सुधार करें : अब्बासी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पूर्व पीएम और आवाम पाकिस्तान पार्टी (एपीपी) के संयोजक शाहिद खाकान अब्बासी ने कहा कि पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान को खुद में सुधार लाना होगा, अन्यथा देश को तरक्की करने में संघर्ष करना पड़ेगा। घरेलू राजनीतिक माहौल पर बोलते हुए अब्बासी ने पीटीआई के मजबूत जनसमर्थन को स्वीकारा, लेकिन चेताया कि पार्टी ने सत्ता में रहते हुए जो नजरिया अपनाया था उसे जारी रखा गया तो उसे कोई फायदा नहीं होगा। खान अपनी गलतियों पर सोचें।

अहमदियों की 120 वर्ष पुरानी इबादतगाह तोड़ी

इस्लामाबाद। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान के दबाव में पुलिस ने अल्पसंख्यक अहमदिया समुदाय के 120 वर्ष पुरानी इबादतगाह को तोड़ दिया है। अहमदियाओं के सामुदायिक संगठन जमात-ए-अहमदिया ने सोमवार को कहा कि घटना लाहौर से 80 किलोमीटर दूर गुजरांवाला के चट्ठा इलाके में हुई, जहां इबादतगाह को ध्वस्त करने का विरोध करने पर पांच अहमदियों को हिरासत में भी लिया गया है।

बलूचिस्तान में किया आत्मघाती हमला, 1 की मौत, 3 घायल

बलूचिस्तान। पाकिस्तान के अशांत दक्षिणी पश्चिमी प्रांत बलूचिस्तान में सोमवार को एक महिला आत्मघाती हमलावर ने अर्धसैनिक बल की पेट्रोलिंग टीम को निशाना बनाया। आत्मघाती हमले में पेट्रोलिंग वाहन के चालक की मौत हो गई, जबकि तीन सुरक्षाबल घायल हो गए। पुलिस अधिकारी हबीबुल्ला ने बताया कि राजधानी क्वेटा से 170 किलोमीटर दूर कलात में फ्रंटियर कॉर्प्स के वाहन पर आत्मघाती हमला हुआ। जिसके बाद वाहन में आग लग गई, जिसमें तीन सुरक्षाबल बल घायल हो गए, जबकि ड्राइवर की मौत हो गई।

हसीना शासन के अत्याचारों का रिकॉर्ड संरक्षण अहम : यूनुस

ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने पूर्व पीएम शेख हसीना के कार्यकाल के दौरान उनके प्रशासन द्वारा किए गए कथित अत्याचारों के दस्तावेजों को ह्रासावधानीपूर्वक संरक्षितह्न करने का आह्वान किया है। संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में यूनुस ने कहा, उचित अभिलेखीय प्रणाली के बिना ह्रासच्चाई जानना और न्याय सुनिश्चित करना मुश्किलह्न है। लेकिन यह बेहद जरूरी है।

भारत-नेपाल के बीच जल और स्वच्छता समझौते पर हस्ताक्षर

काठमांडू। भारत-नेपाल ने जल, स्वच्छता व स्वास्थ्य क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। दोनों देशों में हुए करार के दौरान केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल और नेपाल के जल आपूर्ति मंत्री प्रदीप यादव मौजूद थे। इस समझौते से अपशिष्ट प्रबंधन, जल संसाधन प्रबंधन और क्षमता निर्माण सहित कई प्रमुख क्षेत्रों में सहयोग को बढ़ावा मिलेगा।

सर्बियाई संसद पर हमला: सदन में दिखा धुआं

बम और फ्लेयर्स फेंके जाने से तीन सांसद घायल

सर्बिया। सर्बियाई संसद पर हमले के बाद सदन में अफरा-तफरी मच गई। खबरों के मुताबिक बम और फ्लेयर्स फेंके जाने से तीन सांसद घायल हुए हैं। सदन में धुआं दिखने की खबर है। मंगलवार की यह घटना इस बाल्कन देश में गहराते राजनीतिक संकट का प्रमाण है। महीनों से चल रहे भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों के कारण सरकार दबाव में है। वर्तमान सरकार की विदाई और पीएम के इस्तीफे की पुष्टि की मांग

सर्बिया की संसद में मंगलवार को सांसदों को विश्वविद्यालय शिक्षा के लिए आवंटित किए जाने वाले फंड को बढ़ाने वाले कानून पर मतदान करना था। हालांकि, विपक्षी दलों ने जोर देकर कहा कि यह सत्र अवैध है। विपक्ष मांग कर रहा है कि किसी भी वैधानिक कामकाज से पहले प्रधानमंत्री मिलोस वुसेविक के इस्तीफे की पुष्टि होनी चाहिए। आक्रामक विपक्षी दलों की मांग है कि पीएम वुसेविक के इस्तीफे की पुष्टि के बाद वर्तमान सरकार की विदाई होनी चाहिए।

भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरी देश की सरकार, नवंबर में 15 लोगों की मौत

सर्बिया में महीनों से भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शन चल रहे हैं। बढ़ते जनाक्रोश ने लोकप्रिय सरकार को हिलाकर रख दिया है। बता दें कि नवंबर में सर्बिया के उत्तर में एक कंक्रीट की छत गिरने से 15 लोगों की मौत हो गई थी। आलोचकों ने इसके लिए बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार को जिम्मेदार ठहराया था। इस घटना के बाद अधिकारियों को बढ़ते विरोध का सामना करना पड़ा।

इस्तीफा दे चुके हैं प्रधानमंत्री, संसद को लगानी होगी मुहर

गौरतलब है कि दबाव के कारण प्रधानमंत्री वुसेविक ने जनवरी में अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, इस देश के कानून के मुताबिक संसद को प्रधानमंत्री के इस्तीफे की पुष्टि करनी होगी, तभी यह प्रभावी होगा।

यूरोपीय दशों की रक्षा को मजबूत करने की तैयारी

ईयू प्रमुख ने रखा 841 अरब डॉलर की योजना का प्रस्ताव

यूरोपीय संघ। यूरोपीय संघ (ईयू) की प्रमुख ने मंगलवार को 800 अरब यूरो (841 अरब अमेरिकी डॉलर) की योजना का प्रस्ताव रखा। इस योजना का मकसद ईयू के सदस्य देशों की रक्षा प्रणाली को मजबूत करना है, ताकि अमेरिका की ओर से मदद पर संभावित रोक के असर को कम किया जा सके और रूस के खिलाफ लड़ाई में यूक्रेन को सैन्य मदद जारी रखी जा सके।

यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उसुर्ला वॉन डेर लेयेन ने कहा कि 'रिआर्म यूरोप' पैकेज यूरोपी संघ के उन 27 नेताओं को दिया जाएगा, जो वॉशिंगटन से दूरी के एक सप्ताह बाद ब्रसेल्स में एक आपात बैठक में मिलेंगे। ट्रंप ने महाद्वीप और यूक्रेन की रक्षा के लिए उनके गठबंधन पर सवाल उठाया था। डेर लेयेन ने कहा, हमें उन खतरों की गंभीर प्रकृति का वर्णन करने की जरूरत नहीं है, जिनका हम सामना कर रहे हैं।

वित्तीय प्रतिबंधों में ढील देगा यूरोपी संघ

ईयू देशों ने पिछले कुछ दशकों में रक्षा पर खर्च कम किया है, क्योंकि उन्होंने अमेरिकी परमाणु सुरक्षा पर निर्भर रहते हुए अपनी कमजोर अर्थव्यवस्था पर फोकस किया। यह स्थिति अब उनके लिए रक्षा खर्च को तेजी से बढ़ाने में चुनौतियां पैदा कर रही है। डेर लेयेन ने कहा कि ईयू का पहला काम बजटीय खर्च पर लगाए वित्तीय प्रतिबंधों में ढील देना है, ताकि सदस्य देश अपने रक्षा खर्च को बिना किसी दंडात्मक नियमों को लागू किए काफी बढ़ा सकें।

रक्षा उपकरणों में सुधार की जरूरत: डेर लेयेन

उन्होंने कहा, अगर सदस्य देश अपने रक्षा खर्च को जीडीपी के औसतन 1.5 फीसदी तक बढ़ाते हैं, तो यह चार वर्षों में करीब 650 अरब यूरो (683 अरब अमेरिकी डॉलर) तक हो सकता है। उन्होंने कहा कि मिसाइल, तोपखानों, गोला-बारूद और ड्रोन विरोध प्रणाली व साइबर हमलों जैसे सैन्य उपकरणों में सुधार की जरूरत है। यह योजना ईयू के कई सदस्य देशों को अपने सैन्य खर्च को काफी बढ़ाने के लिए मजबूर करेंगी, जो अभी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के दो फीसदी से कम है। नाटो महासचिव मार्क रुटे ने सदस्य देशों से कहा कि जितनी जल्दी हो सके, उन्हें तीन फीसदी पर पहुंचना चाहिए।

जेलेंस्की-ट्रंप विवाद के बीच चीन ने चली नई चाल

यूरोपीय संघ के साथ संबंध बढ़ाने की तैयारी

बीजिंग। यूक्रेन युद्ध के मुद्दे पर अमेरिका और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच दूरी बढ़ी है। इस बीच, चीन ने यूरोपीय संघ के साथ अपने संबंधों को बढ़ाने की योजना बनाई है। हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की की बैठक में तीखी बहस हुई थी।

'चीन और यरोप के बीच भू-राजनीतिक संघर्ष नहीं'

चीन की संसद 'नेशनल पीपुल्स कांग्रेस' (एनपीसी) के प्रवक्ता लू किनजियान ने मंगलवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि उनका देश 27 सदस्यीय ईयू के साथ एकतरफा फैसलों के खिलाफ काम करने के लिए तैयार है। लू ने कहा, बीते पचास वर्षों में तथ्या बार-बार यही साबित करते हैं कि चीन व यूरोप के बीच कोई मौलिक हितों का टकराव या भू-राजनीतिक संघर्ष नहीं है, बल्कि वे एक-दूसरे की कामयाबी में योगदान देने वाले साझेदार हैं।

वर्षों से अमेरिका और उसके सहयोगियों से पैदा होने वाले खतरों का सामना करने के लिए शी और पुतिन ने करीबी संबंध बनाए हैं। एक मार्च को पुतिन ने अपने शीर्ष सुरक्षा अधिकारी सर्गेई शोइगु को बीजिंग भेजा, ताकि वह शी को यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए वॉशिंगटन के साथ चल रही वाताओं के बारे में जानकारी दे सकें।

ट्रंप-जेलेंस्की विवाद का फायदा उठाना चाहता है चीन

चीन ईयू के साथ अपने संबंधों को बढ़ाना चाहता है, जिसे वह अपने एआई से सक्षम इलेक्ट्रिक वाहनों और बैटरियों के लिए एक लाभदायक बाजार मानता है। यूरोपीय संघ ने स्वदेशी मॉडलों की सुरक्षा के लिए चीनी ई-वाहनों पर भारी शुल्क लगाया हुआ है। हाल ही में जेलेंस्की और ट्रंप के बीच हुई विस्फोटक बैठक के बाद अमेरिका और ईयू के रणनीतक संबधों में आए बदलाव का फायदा उठाना चाहता है।

ईयू के नेताओं ने जेलेंस्की के साथ जताई एकजुटता

ट्रंप के साथ बैठक में तीखी बहस के बाद ईयू के नेताओं ने जेलेंस्की के साथ एकजुटता दिखाई। बैठक का वीडियो चीन के सरकारी मीडिया में बड़े पैमाने पर प्रसारित किया गया। ट्रंप-जेलेंस्की विवाद चीन के लिए एक कठिन क्षण है, क्योंकि यूक्रेन पर युद्ध को खत्म करने का दबाव डालते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ गर्मजोशी दिखा रहे हैं, जो चीनी नेता शी जिनपिंग के करीबी सहयोगी हैं। ट्रंप और पुतिन के बीच बढ़ते मेल-मिलाप को लेकर बीजिंग में चिंता बनी हुई है।

भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख की टिप्पणी को बताया बेबुनियाद

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर टर्क के उन बयानों को बेबुनिया और अतार्किक करार दिया है, जिसमें उन्होंने मणिपुर और कश्मीर का जिक्र किया गया था। जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत अरिंदम बागची ने सोमवार को कहा कि ये टिप्पणियां वास्तविकताओं से कोसों दूर हैं। इनमें चुनिंदा मामलों को उछालने की कोशिश की गई है।

टर्क को दिया जवाब

मानवाधिकार परिषद के 58वें सत्र में टर्क ने अपने वैश्विक अपडेट में भारत का नाम लेते हुए मणिपुर और कश्मीर की स्थिति का उल्लेख किया था। इस पर बागची ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा, भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यह एक स्वस्थ, जीवंत और बहुलवादी समाज है। हमारे नागरिक समाज की मजबूती और खुलेपन को बेहतर तरीके से समझने की जरूरत है।

राजदूत बागची ने जोर देकर कहा कि टर्क की टिप्पणियां उस क्षेत्र (जम्मू-कश्मीर) की बेहतर होती शांति और समावेशी प्रगति के दौर में विरोधाभासी हैं। पंचायत चुनावों में भारी मतदान, पर्यटन में उछाल और तेज विकास दर इसकी मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि भारत की जनता ने ऐसी निराधार चिंताओं को बार-बार गलत साबित किया है। भारत ने मणिपुर की स्थिति को लेकर भी संयुक्त राष्ट्र के दृष्टिकोण पर आपत्ति जताई। बागची ने कहा कि सरकार ने हिंसा प्रभावित क्षेत्र में शांति बहाली के लिए सक्रिय कदम उठाए हैं और पुनर्वास प्रक्रिया जारी है।

कनाडा और मैक्सिको पर आज से लगेगा टैरिफ

वाशिंगटन। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एलान किया है कि मंगलवार से कनाडा और मैक्सिको पर 25 फीसदी टैरिफ लग जाएगा। इसमें देरी की कोई गुंजाइश नहीं है। ट्रंप के एलान के बाद उत्तर अमेरिकी व्यापार युद्ध की आशंका फिर से बढ़ गई है।

ट्रंप ने कहा कि मंगलवार को कनाडा और मैक्सिको पर 25 फीसदी टैरिफ लगना शुरू हो जाएगा। टैरिफ दोनों अमेरिकी पड़ोसियों को फेंटेनाइल तस्करी के खिलाफ अपनी लड़ाई बढ़ाने और अवैध आप्रवासन को रोकने के लिए मजबूर करने के लिए हैं। ट्रंप ने संकेत दिया कि वह दोनों देशों के साथ व्यापार असंतुलन को भी संतुलित करना चाहते हैं। साथ ही अधिक कारखानों को संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थानांतरित करने के लिए प्रेरित करना चाहते हैं।

पारस्परिक टैरिफ को लेकर ट्रुथ सोशल पर ट्रंप ने किसानों के लिए लिखा कि सभी किसान अमेरिका के अंदर बेचने के लिए बहुत सारे कृषि उत्पाद बनाने के लिए तैयार हो जाइए।

दो अप्रैल को बाहरी उत्पादों पर टैरिफ लागू हो जाएगा। मौज-मस्ती करें!

एक फरवरी को किया था एलान

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक फरवरी को कनाडा, मैक्सिको और चीन पर नए व्यापारिक शुल्क (टैरिफ) लगाने का एलान किया था। उन्होंने कहा था 25 फीसदी शुल्क अमेरिका की ताकत को दिखाएगा और उसे दुनिया के बाकी देशों के मुकाबले प्रतिस्पर्धा में सबसे मजबूत बनाएगा। इस टैरिफ का मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम और कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने विरोध किया था। इसके बाद ट्रंप ने टैरिफ को कुछ समय के लिए टाल दिया था। इसके बाद ट्रंप ने 25 फरवरी को एलान किया था दोनों देशों पर टैरिफ चार मार्च से लगेगा।

बढ़ते टैरिफ की संभावना से पहले ही वैश्विक अर्थव्यवस्था में उथल-पुथल मची हुई है। उपभोक्ता आशंका जता रहे हैं कि अगर अमेरिका के दो बड़े व्यापिरक साझेदार कनाडा और मैक्सिको पर टैरिफ लगाए जाते हैं तो महंगाई बढ़ सकती है और ऑटो क्षेत्र प्रभावित हो सकता है।

दक्षिण अफ्रीका में विश्व खाद्य कार्यक्रम कार्यालय बंद करेगा संयुक्त राष्ट्र

संयुक्त राष्ट्र के विश्व खाद्य कार्यक्रम का दक्षिण अफ्रीका का कार्यालय बंद किया जा रहा है। कार्यक्रम के प्रवक्ता ने कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा सहायता में कटौती के मद्देनजर यह फैसला लिया गया है। प्रवक्ता टॉमसन फिरी ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एजेंसी ने 2023 में एक बहुवर्षीय योजना शुरू की थी, लेकिन फंडिंग संभावना सीमित होती जा रही है, इसलिए ऐसा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्व खाद्य कार्यक्रम अपने दक्षिणी और पूर्वी अफ्रीका परिचालन को केन्या के नैरोबी में एक क्षेत्रीय कार्यालय में एकीकृत करेगा। जोहान्सबर्ग में दक्षिणी अफ्रीका कार्यालय बंद हो जाएगा। हालांकि खाद्य कार्यक्रम जारी रहेंगे।

'बस गलतफहमी दूर करनी है, बांग्लादेश और भारत के रिश्ते मजबूत', विवाद के बीच बोले यूनुस

ढाका। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने भारत के साथ संबंधों को मजबूत बताते हुए, दोनों देशों के बीच बढ़ती गलतफहमियों को दूर करने की कोशिशों का संकेत दिया। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश और भारत के रिश्ते मजबूत हैं और इन पर कोई असर नहीं पड़ा है, हालांकि कुछ विवाद जरूर पैदा हुए हैं, जिनका कारण उन्होंने गलत जानकारी और प्रचार बताया।

गलतफहमियों को दूर करने की हो रही कोशिश- यूनुस

अंतरिम सरकार के प्रमुख ने यह भी कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच गलतफहमियों को दूर करने के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और दोनों देशों के बीच सहयोग को फिर से मजबूत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बांग्लादेश और भारत के बीच लगातार संवाद हो रहा है। 'भारत के प्रतिनिधि यहां आ रहे हैं और हमारे अधिकारी वहां जा रहे हैं। मैंने व्यक्तिगत रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी पहली सप्ताह में बात की थी'।

भारत-बांग्लादेश के रिश्ते पिछले साल अगस्त में उस समय तनावपूर्ण हो गए थे, जब बांग्लादेश में छात्र नेतृत्व वाले बड़े प्रदर्शनों के दौरान 1,000 से ज्यादा लोग मारे गए थे। इसके बाद बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार का पतन हो गया और एक अंतरिम सरकार बनी, जिसकी आलोचना भारत ने बांग्लादेश के हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हमलों के मामले में की। शेख हसीना, जो 16 साल तक बांग्लादेश की प्रधानमंत्री रही थीं, अगस्त 2024 में भारत चली गईं और तभी से वह भारत में रह रही हैं। इस बीच, बांग्लादेश के राजनीतिक दलों ने जल्द चुनाव की मांग की है और लोकतांत्रिक शासन की वापसी की बात की है। यूनुस ने कहा कि चुनाव 2025 के अंत तक संभव हो सकते हैं, लेकिन उन्होंने यह स्पष्ट किया कि वह खुद चुनाव में भाग नहीं लेंगे।

बांग्लादेश और भारत संबंध गहरे- यूनुस

एक समाचार चैनल को दिए इंटरव्यू में यूनुस ने कहा कि बांग्लादेश और भारत के बीच ऐतिहासिक, राजनीतिक और आर्थिक संबंध इतने गहरे हैं कि उन्हें बदल पाना मुश्किल है। उन्होंने कहा, 'बांग्लादेश-भारत के रिश्ते अच्छे नहीं हो सकते, ऐसा कोई सवाल ही नहीं है। हमारे रिश्ते बहुत करीब हैं और हमारी आपसी निर्भरता बहुत अधिक है। हालांकि, कुछ समस्याएं आई हैं, जिन्हें मैंने बादल की तरह बताया है जो बीच में आ गए हैं। ये बादल ज्यादातर प्रचार से उत्पन्न हुए हैं और इसका स्रोत कौन है, यह दूसरों पर छोड़ता हूं।'

एफबीआई के न्यूयॉर्क प्रमुख का इस्तीफा, बोले- मुझे मिला था ये आदेश; ब्यूरो में बड़े पैमाने पर छंटनी की आशंका

न्यूयॉर्क। फेडरल ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन यानी एफबीआई के न्यूयॉर्क कार्यालय के प्रमुख ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। इसे लेकर उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा करने के लिए आदेश दिया गया था। जेम्स डेनही ने सोमवार को अपने सहयोगियों को एक संदेश में बताया कि शुक्रवार को उन्हें इस्तीफा देने के लिए कहा गया, लेकिन इसका कोई कारण नहीं बताया गया। यह घटना एफबीआई के लिए एक अशांत समय में हुई है, क्योंकि पिछले महीने काश पटेल नए एफबीआई निदेशक बने थे और डैन बॉन्गिनो, जो ट्रंप के समर्थक और कंजर्वेटिव पॉडकास्ट होस्ट हैं, को उप निदेशक नियुक्त किया गया है।

एफबीआई के अंदर हालात और भी जटिल

फिलहाल, एफबीआई के भीतर स्थिति और भी जटिल हो गई है, जब न्याय विभाग ने 6 जनवरी, 2021 को अमेरिकी कैपिटल में हुई हिंसा से संबंधित जांच में शामिल हुए एफबीआई एजेंट्स की सूची देने का आदेश दिया। इस आदेश को कुछ लोगों ने एफबीआई में बड़े पैमाने पर निकासी का संकेत माना। डेनही, जो एक सेवानिवृत्त मरीन हैं, इस आदेश का विरोध करते हुए एक संदेश में कहा था कि वह इस मामले में डिगने के लिए तैयार नहीं थे। वहीं जेम्स डेनही ने अपने इस्तीफे के बाद कहा, 'मैंने अपनी जिंदगी में कई बार सुना है, 'जब आप गड्ढे में हों, तो खुदाई बंद कर दो,' लेकिन मुझे इस पर भरोसा नहीं है। मैं कभी भी इस संगठन की रक्षा करना बंद नहीं करूंगा, बस इसे बाहर से गर्व से करूंगा।'

अवैध विज्ञापन हटाने के लिए निगम ने चलाया अभियान

वसुंधरा जोन अंतर्गत हटाए गए 11 यूनिपोल

गाजियाबाद, करंट क्राइम। गाजियाबाद नगर निगम द्वारा अवैध विज्ञापन हटाने की कार्रवाई वसुंधरा जोन अंतर्गत की गई। मौके पर लगभग डेढ़ किलोमीटर तक अभियान चलाया गया जिसमें कनवानी पुलिया से लेकर छजारसी के कट तक अभियान चलाया गया।

मौके पर प्रभारी विज्ञापन पल्लवी सिंह तथा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। परवर्तन टीम का विशेष सहयोग रहा। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देशन में गाजियाबाद नगर निगम की विज्ञापन विभाग की टीम लगातार शहर से अवैध विज्ञापन हटाने का कार्य कर रही है।

अवैध विज्ञापन लगाने वालों के विरुद्ध कार्रवाई के लिए बनाई जाएगी योजना : प्रभारी विज्ञापन

करंट क्राइम। प्रभारी विज्ञापन द्वारा बताया गया कि अवैध विज्ञापन लगाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाईके लिए भी कार्य योजना बनाई जा रही है जिसके बाद अवैध विज्ञापनकर्ता के विरुद्ध कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। प्रभारी विज्ञापन द्वारा यह भी बताया गया कि रोस्टर के क्रम में अभियान समय-समय पर टीम चल रही है जिसमें जोनल प्रभारी भी सहयोग कर रहे हैं। अगला अभियान विजयनगर क्षेत्र में चलाया जाएगा।

वसुंधरा क्षेत्र में लगभग 11 बड़े विज्ञापन होर्डिंग हटाए गए जिसमें 40x15, 30x15, 20x10 के यूनिपोल हटाए गए। गाजियाबाद नगर निगम सदन के बाद अवैध विज्ञापन लगाने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई हेतु निर्णय लेगा।

अपनापन रसोई सेवा

ईश्वर कृपा : अमरदत्त शर्मा

गाजियाबाद, करंट क्राइम। अपनापन रसोई सेवा का साप्ताहिक आयोजन श्री हनुमान मंदिर घंटाघर में विधिवत्त समाजसेवी पंडित अमरनाथ शर्मा जी के द्वारा शुभारंभ हुआ। आज की रसोई सेवा में पंडित अमर दत्त शर्मा, अशोक कुमार गोयल, विपुल अग्रवाल, रेखा गुलाटी, सुदेश रानी, माया भारती, संयोजक एन के गोयल उपस्थित रहे। इस मौके पर भव्य एवं दिव्य अमृत स्नान प्रयागराज के आयोजन की असीम सफलता पर हर्ष व्यक्त किया गया।

क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार की मैडम रावत की ना जाने कब पूरी होगी राजनीति में कुछ बड़ा करने की चाहत? हमने देखा उनका है संघर्ष वाला पुराना इतिहास? मगर जब भी आती है कुछ मिलने की बारी? तब कोई और ही पकड़ता है सवारी? सुना है अब मैडम रावत संगठन और नामित वाली कर रही हैं तैयारी? देखना अब ये है कि बनती है कुछ बात या रहते हैं पहले जैसे हालात?

क्यों कहा कहने वाले ने कि वैसे तो परवान पर है दैनिक करंट क्राइम की आने वाली होली का प्रोग्राम? मगर सुना है भगवागढ़ के दो विधायकों ने भी किया हुआ है दावत का इंतजाम? 12 को कमांडर तो 13 को मना रहे हैं हैवीवेट वाले होली? तैयार कर रहे हैं वो होली खेलने के लिए अपनी अपनी टोली? देखना अब ये है कि किसके आयोजन में जुटेगी ज्यादा भीड़? देखना अब ये है कि किसकी डिश की संख्या, किसके आयोजन से ज्यादा होगी? किसका मजबूत रहेगा आयोजन वाला तीर?

क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के एक मंडल के 6 मैम्बरों के साथ सरकारी सिस्टम को देखने वालों ने कर लिये हैं 50-50 पर मंथ फिक्स? कहने वाले ने कहा मुंह पर ऊंगली रखने के लिए फाईनल हुआ है सिस्टम? कहने वाले ने कहा अगर एक विभाग के खिलाफ इन मैम्बरों की आवाज सुनाई ना दे? तो समझ लेना सिस्टम के साथ हो गया है इन सबका मामला लिपटम-लिपटम? कहने वाले ने कहा सातवें मैम्बर ने खुद को कर लिया है इस सिस्टम से दूर? मगर 6 को ये वाला सिस्टम खूब भा रहा है हुजुर?

क्यों कहा कहने वाले ने कि हम हैं भगवा वर्मा जी के सोशल मीडिया वाले फैन? सुना है वो डालते हैं ऐसी ऐसी पोस्ट? जिससे हो जाते हैं कई चेहरे बेचैन? फिर भी इसके बावजूद उनके एक फैन ने भेजा है हमको संदेश? कहा है बाकी सब तो ठीक है? कभी कभी वर्मा जी पकड लेते हैं हल्के-हल्के केस? ये केस उनके कद के हिसाब से कई बार नहीं होते हैं सेट? जब भी डालते हैं वो इस तरह की पोस्ट? सच बतायें हमारा दिल हो जाता है बहुत ज्यादा अपसेट?

क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा संगठन के चौधरी, जो एक समय थे सभी की चाहत? हम देख रहे हैं चुनाव हारने के बाद अब नहीं सुनाई देती है उनकी ज्यादा आहट? ना वो क्षेत्र में करा रहे है अपनी उपस्थिति का एहसास? ना ही वो दिखाई दे रहे हैं वो संगठन वालों के साथ? ऐसा लग रहा है वो दो दोस्तों की विदाई का कर रहे हैं इंतजार? चलो कुछ ही दिन इस मामले में बचे हैं? लग रहा है नई घोषणा होते ही होने लगेंगे उनके फिर से दीदार?

क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा मैम्बर शीतल दीदी की आजकल आवाज में दिखाई दे रहा है हमको दम? छा जाती है हर उस जगह पर रौनक, जहां पड़ते हैं उनके कदम? उनके एक संदेश पर पार्षदों की बैठकों का हो जाता है आयोजन? ऐसा लगता है कुछ बड़ा करने का है मैडम का प्रायोजन? क्या वो किसी बड़े चेहरे से टक्कर लेने की कर रही हैं तैयारी? हम देख रहे हैं कभी थी वो इनके साथ? आज उनके सामने दांव चल रही हैं भारी-भारी?

क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर वो अध्यक्ष का खास नहीं होता? तो आज वो अध्यक्ष पद के पास ही होता? कहने वाले ने कहा हमारे थे दिल्ली से लेकर लखनऊ की मीटिंग तक कान? इस नाम का हो रहा था हर जगह गुणगान? बस एक मामले में अटक रही थी इनकी बात? कहने वाले कह रहे थे ये चेहरा है अध्यक्ष का बहुत ही खास? अगर कर भी दें हम इसकी ताजपोशी? तब भी पहले वाली ही रहनी है बात? अब आप पता करो कौन है वो चेहरा जिसके खास होने पर बिगड़ गई है बात?

क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको इस सवाल के माध्यम से बता रहे हैं भगवा मैम्बर और भगवा लेडी कमिश्नर की कमजोरी वाली कहानी? सुना है ये दोनों अपने मौहल्ले में लगे शौचालय का आज तक नहीं खुलवा पाये हैं ताला? आपको ये जानकर हो रही होगी हैरानी? हाथी वाले पार्क के पास एक साल से बंद है दरवाजे का ताला? जनता परेशान है, मगर दोनों कुछ भी कर नहीं पा रहे यार? कहने वाले ने कहा जब एक ताला ही नहीं खुलवा पा रहे हैं? तो फिर इतना शक्तिशाली होना है बेकार?

क्यों कहा कहने वाले ने कि गोवा वाले टूर को लेकर अभी भी जारी है तकरार? टूर से लौटने के बाद एक जनप्रतिनिधि ने किया अपनी भावना का इजहार? थ्री इडियट वाली मूवी पर डाले इन्होंने विचार? कहा आलोचना करने वाले भी हमारे दोस्त हैं? दोस्त अगर पास हो जाये तो कोई दिक्कत नहीं? मगर दोस्त अगर फर्स्ट आ जाये तो बाकी दोस्तों को दिक्कत हो जाती है यार? बस हमारे फर्स्ट आने के ही दिख रहे हैं उस दोस्त पर ऑफ्टर इफैक्ट? अब हम क्या करें जो वक्त ने बना दिया है हमें बेस्ट?

क्यों कहा कहने वाले ने कि सोचने वाले सोच रहे हैं कि चौधरी साहब के सोशल मीडिया पर गोवा टूर के खिलाफ डलने वाले पोस्ट के बाद जनप्रतिनिधियों ने बुक करा लिया तुरंत अगले ही दिन अपनी वापसी का टिकट? कहने वाले ने कहा मैं एक जनप्रतिनिधि की गारंटी तो ले सकता हूं? क्योंकि फ्लाईट पकड़ने से एक दिन पहले मैं बैठा था उनके निकट? उन्होंने उसी दिन करा लिया था संडे का रिटर्न टिकट? ऐसे में उनकी वापसी पर किसी भी एफबी वाली पोस्ट का नहीं पड़ा है कोई असर? इसलिए वो आ गये गोवा से इधर?

नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

अवैध प्लॉटिंग पर चला गाजियाबाद विकास प्राधिकरण का बुलडोजर, अवैध निर्माण किये गये ध्वस्त

गाजियाबाद, करंट क्राइम। जीडीए उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण पर कार्यवाही किये जाने के निदेर्शों के क्रम में आज दिनांक 04.03.2025 को प्रभारी प्रवर्तन जोन-2 के नेतृत्व में कृष्णपाल पुत्र निरंजन, पंकज कुमार पुत्र विजयपाल, अशोक पुत्र जयपाल आदि द्वारा खसरा सं0- 311, 309 ग्राम औरंगाबाद गदाना हापुड़ रोड़, मोदीनगर पर लगभग 15000 वर्ग मी0 क्षेत्रफल में अनाधिकृत प्लाटिंग की गयी थी जिसमें सड़क व 05 भवन पूर्व निर्मित था जिसे ध्वस्त किया गया ।

उपरोक्त अवैध कालोनी में कालोनाईजर द्वारा बनायी गई सडक, बाउन्ड्रीवॉल, साईट ऑफिस आदि को ध्वस्त कर दिया गया। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही को दौरान कोलोनाईजर / निर्माणकर्ता द्वारा भारी विरोध प्रकट किया गया, लेकिन पुलिस व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की प्रभावी कार्यवाही के द्वारा उनको डंडे फटक कर भगा दिया गया। प्रभारी अधिकारी प्रवर्तन जोन-2 द्वारा लोगों को सख्त निर्देश दिये गये कि बिना अनुमति किये गये किसी भी निर्माण को बक्शा नहीं जायेगा। उपरोक्त अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही अनाधिकृत कालोनी के विरुद्ध सहायक अभियंता, अवर अभियन्ता एवं प्रवर्तन जोन-2 के समस्त स्टाफ, प्राधिकरण पुलिस बल व प्राधिकरण प्रवर्तन दस्ते की उपस्थिति में ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गई। आगामी माह में भी ध्वस्तीकरण/सील की कार्यवाही किये जाने का अभियान जारी रहेगा।

मेरठ रोड पर चला जीडीए का बुलडोजर, अवैध निर्माणकर्ताओं का विरोध रहा विफल

गाजियाबाद, करंट क्राइम। जीडीए उपाध्यक्ष के अवैध निर्माण / अवैध कालोनियों के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने के निदेर्शों के क्रम में आज दिनांक 04.03.2025 को प्रभारी प्रवर्तन जोन-3 के नेतृत्व में राजेश पुत्र स्व० तरसेम व सरिता पत्नी दीपक कुमार एवं कुलदीप सहगल तथा सुनील त्यागी द्वारा मोरटा इण्डस्ट्रियल एरिया, मेरठ रोड़, गाजियाबाद में अनाधिकृत रूप से निर्मित की जा रही औद्योगिक ईकाइयों के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय स्थानीय विकासकताओं/ निर्माणकताओं द्वारा काफी विरोध किया गया, परन्तु प्राधिकरण पुलिस बल द्वारा उन्हे नियन्त्रित कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही जारी रखी गयी। मौके पर उपस्थित लोगो से यह अपील की गयी कि अनाधिकृत रूप से विकसित की जा रही कालोनियों में भूखण्डों का क्रय, विक्रय न करें। स्थल पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही के समय अधिशासी अभियन्ता, सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्तागण एवं समस्त सुपरवाईजर/मेट, स्थानीय पुलिस बल तथा प्राधिकरण पुलिस बल उपस्थित रहा।

रेडक्रॉस ने क्षय रोगियों को पुष्टाहार पोटली वितरित की

गाजियाबाद, करंट क्राइम। रेडक्रॉस सभापति सुभाष गुप्ता व इनर व्हील क्लब गाजियाबाद ग्रेटर की अध्यक्ष गुप्ता सुषमा के पोत्र सक्षम गुप्ता के द्वारा गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट की पुलिस लाइन में स्थित पुलिस अस्पताल में पूनम मिश्रा सहायक पुलिस आयुक्त गाजियाबाद की गरिमामई उपस्थिति में 25 पात्र क्षय रोगियों पुष्टाहार पोटली वितरित की। सभापति सुभाष गुप्ता ने कहा कि लगभग पिछले 3 वर्ष से रेड क्रॉस की समिति गठन होने के बाद महिला उत्पीड़न, बाल शोषण व नशे के विरुद्ध अभियान के साथ-साथ रेड क्रॉस द्वारा विभिन्न आयामों पर सफलतापूर्वक कार्य कर रहा है।

सक्षम गुप्ता ने कहा कि मुझे आज अपने जन्मदिन पर इस सेवा को करके गर्व महसूस कर रहा हूँ और भविष्य में मैं स्वयं और अपने मित्रों को भी रेडक्रॉस के साथ जुड़कर इस प्रकार के सेवा कार्यों को करने के लिए प्रोत्साहित करूंगा।

रेड क्रॉस सचिव किरण गर्ग, राकेश गुप्ता, विपिन अग्रवाल, विनीता पाल व इनर व्हील से रानू वैश्य, पुलिस अस्पताल के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ पंकज राकेश, संजय यादव व अन्य चिकित्सा सहयोगियों ने सक्षम गुप्ता को इस मानवीय सेवा को पोषित करने के लिए बधाई दी तथा टी. बी. मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया।

व्यापारी एसोसिएशन ने किया भंडारे का आयोजन

गाजियाबाद, करंट क्राइम। भगत सिंह गोल मार्केट व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव लाहोरिया, सचिव सुरेश महाजन द्वारा घंटा घर पर भंडारे का आयोजन किया गया जहां मुख्य रूप से गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल, पूर्व महापौर आशा शर्मा, पूर्व मेयर आशु वर्मा, भाजपा नेता मानसिंह गोस्वामी, मयंक गोयल और व्यापारी नेता सुभाष छाबड़ा बालकिशन गुप्ता, अनिल सांवरिया, आशु बिंदल, नवीन मुकेश गोयल, अजय कालरा, राकेश स्वामी, सतीश चोपड़ा, पार्षद नीरज गोयल, राहुल उर्फ मुलायम बिल्लू यादव, राष्ट्रीय लोकदल के नेता इंद्रजीत टीटू, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सतीश शर्मा, पवन शर्मा, सुशांत गोयल, विनय सिंघल, पप्पू लोहारिया, टीटू महाजन, सतीश बत्रा, तिलक महाजन, उदयवीर लाडी, विजय कक्कड़, हरि मेहता, धर्मपाल कुकरेजा, ललित खन्ना, सुरेश गुप्ता, सुभाष बजरंगी, गौरव चोपड़ा, दीपक शर्मा, सुनील चाचा, युग छाबड़ा, दीपक कक्कड़, सौरभ जायसवाल, राजू छाबड़ा और सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी 'उच्च शिक्षा में विश्वविद्यालय उत्कृष्टता' पुरस्कार से सम्मानित

गाजियाबाद, करंट क्राइम। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी को प्रतिष्ठित 'उच्च शिक्षा में विश्वविद्यालय उत्कृष्टता' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान 'मातृभूमि का गौरव' कार्यक्रम में प्रदान किया गया, जिसका आयोजन होटल ताज महल, लखनऊ में किया गया। इस भव्य समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त संस्थानों और संगठनों को सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार महेन्द्र अग्रवाल, चांसलर, एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी के सानिध्य में कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रसन्नजीत कुमार द्वारा प्राप्त किया गया, जो उच्च शिक्षा, शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवीन शिक्षण पद्धतियों में विश्वविद्यालय के योगदान को मान्यता प्रदान करता है। यह सम्मान विश्वविद्यालय की गुणवत्ता शिक्षा और भविष्य के नेताओं को तैयार करने की प्रतिबद्धता को पुनः स्थापित करता है। इस कार्यक्रम में विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों और संगठनों ने भाग लिया। इस समारोह के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक थे, जिन्होंने अपने गरिमामयी उपस्थिति से इस आयोजन की शोभा बढ़ाई। एसडीजीआई ग्लोबल यूनिवर्सिटी की इस उपलब्धि ने अकादमिक उत्कृष्टता, अनुसंधान में प्रगति और समग्र छात्र विकास की दिशा में किए गए प्रयासों को उजागर किया।

अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हुए, प्रो. (डॉ.) प्रसन्नजीत कुमार ने कहा, यह पुरस्कार हमारे संकाय, छात्रों और कर्मचारियों के अथक प्रयासों का प्रमाण है, जिन्होंने शिक्षा के उच्चतम मानकों को बनाए रखा है। हम विश्व स्तरीय शिक्षण अनुभव प्रदान करने और शिक्षा जगत में महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

चिन्टू जी



चिंटू जी : माय डियर टॉम क्रूज उर्फ निगम पार्षद प्रवीण चौधरी जी, क्यों समंदर के बराबर मैं बैठकर अपनी आफत बुला रहे हो? देख नहीं रहे हो कुछ दिलजलों ने गोवा जाने वालों की खिंचाई करके क्या हालत कर रखी है।

गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। मुस्कुराहट है तो जिंदगी है। जिंदगी से न हारने का वादा है इसलिए मुस्कुराहट है। गीतिका नारंग ने अपनी पोस्ट से लाइफ ओर हैप्पीनेस का ये संदेश दिया। गीतिका नारंग की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।